# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और कॉलेज का निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अजय कुमार सिंह


• बोकारो, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 320 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## पेड़ गिरने से नक्सल अभियान में शामिल कोबरा जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** नक्सलियों के खिलाफ सारंडा में चल रहे जोरदार अभियान के बीच एक बुरी खबर सामने आई है। तेज आंधी-तूफान की वजह से सारंडा में एक पेड़ कोबरा के एक जवान पर जा गिरा। इस हादसे में कोबरा के जवान राकेश कुमार की मौत हो गई। सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान में खराब मौसम बड़ी बाधा बना हुआ है। मंगलवार देर रात तेज आंधी-तूफान की वजह से बाबू डेरा कैंप के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया। इस हादसे में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश कुमार बुरी तरह से घायल हो गए। बुधवार को अहले सुबह उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया लेकिन इलाज के दौरान राकेश कुमार की मौत हो गई। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान डॉ. माइकल राज ने बताया कि सारंडा के बाबू डेरा कैंप के पास तेज आंधी-तूफान में एक पेड़ कैंप के पास गिर गया। इस हादसे में कोबरा के जवान राकेश कुमार की मौत हो गई। शहीद राकेश कुमार सीआरपीएफ कोबरा बटालियन में सिपाही के पद पर कार्यरत थे। जवान राकेश बिहार के औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के धमनी गांव के रहने वाले थे। परिजनों को राकेश कुमार की मौत की जानकारी दे दी गई है। रांची के सीआरपीएफ कैंप में उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए औरंगाबाद भेजा जाएगा।

### रांची विश्वविद्यालय के एचआरडीसी कैंपस में खुला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर समय की जरूरत : गंगवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षा के साथ-साथ अब स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में भी रांची विश्वविद्यालय ने एक अहम कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित एचआरडीसी कैंपस में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शुरुआत की गई है जिसका उद्घाटन बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। यह पहल छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। खास बात यह है कि इस सेंटर की स्थापना पूरी तरह कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के माध्यम से की गई है जिससे विश्वविद्यालय पर कोई प्रत्यक्ष




आर्थिक बोझ नहीं पड़ा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान समय में युवा मानसिक तनाव, अवसाद और शैक्षणिक दबाव से जूझ रहे हैं। इसे देखते हुए रांची विश्वविद्यालय ने रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) और सीआईपी (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री) के साथ समझौता किया है। इस एमओयू के तहत सीआईपी के मनोचिकित्सक सप्ताह में चार दिन और रिम्स के विशेषज्ञ दो दिन सेंटर में अपनी सेवाएं देंगे जिससे छात्रों को विशेषज्ञ परामर्श और इलाज की सुविधा मिल सकेगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में केवल इलाज ही नहीं बल्कि निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां नियमित रूप से योग, ध्यान और फिटनेस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखा जा सके। इसके अलावा तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेशेवर काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। विश्वविद्यालय इस सेंटर के माध्यम से सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की भी योजना बना रहा है। इससे छात्रों को स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही पोषण जागरुकता, स्वच्छता, लैंगिक संवेदनशीलता और नशामुक्ति जैसे विषयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेंटर के तहत समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। साथ ही डिजिटल टूल्स के जरिए सेवाओं की निगरानी और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि छात्रों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्राथमिकता होनी चाहिए। रांची विश्वविद्यालय का यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर समय की जरूरत के अनुरूप एक सराहनीय पहल है। इससे युवाओं को तनाव और अवसाद जैसी चुनौतियों से उबरने में मदद मिलेगी और वे बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। रांची विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल एक शैक्षणिक संस्थान की भूमिका को विस्तार देती है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। यह सेंटर आने वाले समय में छात्रों और कर्मचारियों के लिए एक मजबूत सहारा साबित होगा।

### संक्षिप्त समाचार

## पैसे के विवाद में बेटे ने ले ली पिता की जान

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पैसे के विवाद को लेकर रांची में एक बेटे ने अपने ही पिता की कुदाल से काट कर निर्मम हत्या कर दी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पिता-पुत्र के बीच पैसे के विवाद के कारण जमकर कहासुनी हुई। इसी बीच गुस्से में आकर कमल ने घर में रखे कुदाल से अपने पिता गोविंद साहू पर तबाड़तोड़ कई वार कर दिए। इस हमले में पिता गोविंद साहू की मौके पर ही मौत हो गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद ससुराल वाले फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल बिहार के रोहतास की रहने वाली चंचला देवी की शादी पलामू के छतरपुर के मड़वा के रहने वाले कुंदन सिंह के साथ 2024 में हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## अज्ञात महिला का मिला अधजला शव

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तीसरी प्रखंड स्थित लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र के लेढवा पहाड़ी जंगल में मंगलवार को सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का अधजला शव मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के जंगल और सड़क किनारे साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी अभियान चला रही है।

## किशोरी का शव कुएं से बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी का शव कुएं से बरामद किया गया है। मृतका की पहचान संजय साव की पुत्री रेशमा कुमारी के रूप में हुई है, जो नौवीं कक्षा की छात्रा थी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। रेशमा मंगलवार शाम से अपने घर से लापता थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को उसका शव कुएं से बरामद किया गया।

## स्पर्शाघात से मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो साप्ताहिक बाजार में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मौसम खराब और तेज बारिश के दौरान बिजली का पोल और तार अचानक गिर जाने से एक महिला सोहगी देवी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला बाजार मे सब्जी बेच रही थी।

## चुनाव से ठीक पहले असम के सीएम ने बाबा मंदिर में टेका माथा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** असम विधानसभा चुनाव से महज एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बुधवार को झारखंड के देवघर पहुंचे। यहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के तुरंत बाद हिमंता बिस्वा सरमा देवघर के प्रसिद्ध सत्संग आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने थोड़ी देर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह सीधे बैद्यनाथ धाम (बाबा बैद्यनाथ मंदिर) पहुंचे और वहां भी विशेष पूजा की। पूजा से पहले मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर दिया गया था। मंदिर परिसर में आम श्रद्धालुओं को थोड़ी देर के लिए प्रवेश नहीं दिया गया लेकिन सीएम की पूजा समाप्त होते ही मंदिर के पट फिर से आम लोगों के लिए खोल दिए गए। मंदिर में पूजा के दौरान



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ भाजपा के वरिष्ठ सांसद निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। पूजा के बाद सीएम थोड़ी देर विश्राम और भोजन के लिए निशिकांत दुबे के आवास पर ठहरे। देवघर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। उन्होंने साफ कहा कि चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए अभी कोई बयान नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद मीडिया से खुलकर बात करेंगे। असम चुनाव से ठीक एक दिन पहले सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में आशीर्वाद लेना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा जोरों पर है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में असम के कामाख्या मंदिर में जाकर चुनावी जीत का आशीर्वाद मांगा था। अब दोनों ही मुख्यमंत्रियों के मंदिर दर्शन को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। पूजा समाप्त करने के बाद हिमंता बिस्वा सरमा निशिकांत दुबे के साथ देवघर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए जहां से वह असम के लिए रवाना हो गये। अब सभी की निगाहें असम विधानसभा चुनाव के नतीजों पर टिकी हैं कि भगवान बाबा बैद्यनाथ के आशीर्वाद के साथ जनता का आशीर्वाद किसे मिलता है।

## रक्षा राज्यमंत्री ने गुरुग्राम हादसे के पीड़ितों को सौंपी सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** हरियाणा के गुरुग्राम (गुड़गांव) में मजदूरी के दौरान जान गंवाने वाले झारखंड के मजदूरों के परिवारों के लिए केंद्र सरकार ने सहायता का हाथ बढ़ाया है। भारत सरकार में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सरायकेला जिले के कांड्रा स्थित एक निजी होटल में आयोजित संवेदना बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिजनों को संबल प्रदान किया। इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले छह मजदूरों के प्रति केंद्रीय मंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है। उन्होंने भाजपा परिवार और समाज की ओर से संवेदना प्रकट की। मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को लगभग 40 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक सौंपे। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पोटका के छह मजदूरों की मिट्टी में दबकर मृत्यु हो गई थी। इसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात हुई और उन्होंने मजदूरों को मदद की बात कही थी। आर्थिक मदद के अलावा मंत्री संजय सेठ ने परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से एक मानवीय पहल की। रक्षा राज्यमंत्री ने दो मृतकों के परिजनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिससे उन्हें आय का एक स्थायी स्रोत मिल सके। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि परिजनों के सामने बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन की चुनौतियां बड़ी हैं। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इन परिवारों को हर संभव सहयोग मिलता रहे। कार्यक्रम के अंत में पीड़ित परिवारों ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगेंद्र प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को रांची स्थित नेपाल हाउस में विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अचानक हुई कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया। मंत्री ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और कार्यालयीन अनुशासन का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विशेष रूप से लंबित फाइलों की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पाया कि कई फाइलें बिना किसी ठोस कारण के लंबित पड़ी हैं जिससे आम जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनता के कामों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सख्त लहजे में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को मिलने वाली मूलभूत सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने को कहा। मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें और अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों को नजरअंदाज करना या अनावश्यक रूप से लंबित रखना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दो टूक शब्दों में कहा कि काम में ढिलाई, जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति और लापरवाही अब किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय होगी।

## अपने ही देश में हक और पहचान के लिए क्यों ठोकरें खा रहे आदिवासी : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर आदिवासी समाज की पीड़ा को मार्मिक शब्दों में व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में सवाल उठाया है कि अंग्रेजों के सामने कभी न झुकने वाले, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए सदियों से संघर्ष करने वाले और स्वाभिमान को कभी न बेचने वाले आदिवासियों को आज अपने ही देश में हक और पहचान के लिए दर-दर की ठोकरें क्यों खानी पड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह केवल एक प्रश्न नहीं बल्कि लोकतंत्र के आईने में दिखती सच्चाई है। जिन समुदायों ने औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ सबसे पहले और निर्णायक लड़ाइयां लड़ीं, चाहे वह संथाल हूल हो या भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान, आज वही



समुदाय अपने ही संविधान के भीतर मान्यता और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इसे बड़ी विडंबना बताया है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट के साथ तीन पोस्टर भी साझा किए हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से असम के चाय बागानों में रह रहे आदिवासी भाई-बहनों से संवाद किया गया है। पोस्टरों में जोहार नमस्कार के साथ हिंदी, असमिया और अंग्रेजी में अपील की गयी है कि असम की धरती पर सदियों से रह रहे आदिवासियों को अब तक अनुसूचित जनजाति (एसटी) का संवैधानिक दर्ज़ा नहीं मिला है, जो राष्ट्रीय स्तर का अन्याय है। पोस्टर में कहा गया है कि ब्रिटिश काल में घरों से दूर लाए गए और चाय बागानों की अर्थव्यवस्था को अपने खून-पसीने से खड़ा करने वाले इन आदिवासियों को आजादी के बाद भी न पहचान मिली और न सम्मान। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह मुद्दा किसी पार्टी की राजनीति से ऊपर है बल्कि न्याय, सम्मान और पहचान का सवाल है। मुख्यमंत्री ने असम के आदिवासी मतदाताओं से एसटी मान्यता, न्यूनतम 500 रुपये दैनिक मजदूरी, बच्चों की बेहतर शिक्षा, आवास और रोजगार जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए जेएमएम-जेबीपी उम्मीदवार को समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जब तक न्याय अधूरा है तब तक लोकतंत्र भी अधूरा रहेगा।

## एचपी कंपनी का नकली पार्ट्स बेचने वाला गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में एचपी कंपनी के नकली पार्ट्स की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के खिलाफ कारवाई की गई है। कॉपी राइट एक्ट 103/104 ट्रेड मार्क एक्ट के तहत ये कार्रवाई की गई है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में नकली पार्ट्स बरामद किए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि एचपी कंपनी के पदाधिकारी की ओर से चुटिया थाना में कंपनी के नकली सामान बनाने एवं बेचने के संबंध में की गई लिखित शिकायत के आधार पर छापेमारी टीम का गठन कर चुटिया के मालाबार रिसोर्ट के एक फ्लैट में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान फ्लैट से कंपनी का नकली टोनर, इंक कार्टेज एवं प्रिंट/पंचिंग मशीन एवं अन्य नकली पार्ट्स बरामद किए गए। मौके से पुलिस ने नकली पार्ट्स का कारोबार करने वाले राकेश कुमार बारी को गिरफ्तार किया है।

## झारखंड में अगले साल मार्च-अप्रैल में होंगे पंचायत चुनाव


### तैयारी में जुटा राज्य निर्वाचन आयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव के बाद राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव तैयारी में जुटा राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2027 के जून तक सारी प्रक्रिया पूरी कर गांव की सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया है। अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव से पहले पंचायती राज विभाग ओबीसी ट्रिपल टेस्ट करवाकर आयोग को रिपोर्ट भेजने का निर्णय लिया है। जाहिर तौर पर ओबीसी ट्रिपल टेस्ट के बाद पंचायत में वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में बदलाव होगा और ओबीसी, एससी, एसटी और महिला के लिए आरक्षित सीटों में फ़ेरबदल होगा। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव में महिलाओं के लिए 50% सीटें आरक्षित हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार पंचायत



चुनाव में अप्रत्यक्ष रुप से पांच पद जैसे उपमुखिया, उप प्रमुख, जिला परिषद उपाध्यक्ष आदि पदों के लिए निर्वाचन होगा। राज्य में अगले वर्ष होनेवाले पंचायत चुनाव नए वोटर लिस्ट के आधार पर होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआइआर के बाद जारी होनेवाले मतदाता सूची को राज्य निर्वाचन आयोग आधार बनाकर मतदान कराएगा। पूर्व की तरह बैलेट पेपर के आधार पर ही चुनाव कराए जाएंगे। पिछले चुनाव पर नजर डालें तो 2022 के चुनाव में राज्य में 4345 पंचायत थी जबकि ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या 53479 थी। वहीं पंचायत समिति की संख्या 5341 और जिला परिषद के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 536 थी। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार पिछले बार चतरा की बचरा पंचायत नगर निकाय क्षेत्र घोषित होने की वजह से वहां चुनाव नहीं हो पाया था। जिसे बाद में फिर से पंचायत ही घोषित किया गया। इस वजह से वहां पिछले पांच वर्षों से ना तो पंचायत चुनाव वहां हुए और ना ही नगर निकाय चुनाव, ऐसे में इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वहां कराया जाएगा।



C M Y K


# सरसों तेल प्रताप ब्रांड की नकल पर प्राथमिकी दर्ज

## राजस्थान के भरतपुर स्थित ऑयल कंपनी के संचालक गौरांग अग्रवाल ने दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बीते सोमवार को हजारीबाग रोड में एक स्थानीय व्यवसाई के गोदाम में हुई पुलिस छापेमारी के दौरान प्रसिद्ध सरसों तेल ब्रांड ह्यढफ्अळअढ (प्रताप)ह्न के नाम पर नकली उत्पाद बेचने का मामला आया था । जो खाद्य सुरक्षा, डुप्लीकेसी और कॉपीराइट जैसे मामले से संबंधित था।

इस घटना ने स्थानीय बाजार में हड़कंप मचा दिया है। मामले के संबंध में राजस्थान के भरतपुर स्थित एक ऑयल कंपनी के संचालक गौरांग अग्रवाल ने बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि बरही रोड स्थित माँ जगदंबा ट्रेडिंग के संचालक रणजीत कुमार केशरी उनके पंजीकृत ट्रेडमार्क का दुरुपयोग



कर रहे हैं। उनके असली ब्रांड से मिलते-जुलते लेबल और पैकेजिंग का उपयोग कर बाजार में नकली एवं निम्न गुणवत्ता का सरसों तेल बेचा जा रहा था। इससे न केवल कंपनी के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है । मामले के संबंध में पुलिस ने काफी छन बिन करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 318, 345, 347, 348, 349, 350 और कॉपीराइट अधिनियम, 1957 एवं ट्रेडमार्क कानून के तहत मामला दर्ज. किया है । साथ हीं मामले की जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर सुमित साव को सौंपी गई है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए नेटवर्क की जांच में जुट गई है । नकली तेल कहाँ तैयार हो रहा था, इसकी सप्लाई चेन क्या है और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं शिकायतकर्ता ने भी मांग की है कि ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि बाजार में उपभोक्ताओं को शुद्ध और असली उत्पाद ही मिल सके।

# सीएसआर के माध्यम से जिले के विकास को मिलेगी नई दिशा : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह-जिला दंडाधिकारी श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कॉपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों और इंडस्ट्रियल प्रतिनिधियों से अब तक की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।



उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक सुधार संभव है उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों से अपील की कि वे जिले के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं और जरूरतमंद क्षेत्रों की पहचान कर वहां योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सीएसआर के तहत होने वाले सभी कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किए जाएं, ताकि योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचे उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे औद्योगिक इकाइयों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखें और समय-समय पर कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही सीएसआर गतिविधियों को जिला प्रशासन की प्राथमिक योजनाओं—जैसे शिक्षा सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्तिकरण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं ग्रामीण विकास से जोड़ने पर बल दिया उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सीएसआर फंड का उपयोग समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु किया जाए। उन्होंने स्कूलों में स्मार्ट क्लास, अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, दिव्यांगजनों को सहायक सामग्री, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पौधारोपण एवं कौशल विकास केंद्रों की स्थापना जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया बैठक के अंत में उपायुक्त ने अधिकारियों को सीएसआर से संबंधित प्रस्तावों की सूची तैयार कर औद्योगिक इकाइयों के साथ साझा करने का निर्देश दिया, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत जमुआ में हेल्थ डे सेलिब्रेशन का आयोजन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत गिरिडीह जिले के आकांक्षी ब्लॉक जमुआ के विभिन्न पंचायतों पुरनी, चितरडीह एवं दरियाडीह में हेल्थ डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना तथा आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं बच्चों की जांच की गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने कुपोषण, एनीमिया, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, नवजात शिशु देखभाल एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। लोगों को संतुलित आहार अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया हेल्थ डे सेलिब्रेशन के दौरान पोषण ट्रैकर, आयुष्मान भारत योजना, टीबी मुक्त भारत अभियान, मिशन इंद्रधनुष सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जन जागरूकता रैली, पोषण परामर्श सत्र एवं टीकाकरण अभियान भी चलाया गया।

### हजारीबाग यूथ विंग का भव्य रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को, टोनी जैन को मिला आमंत्रण

**हजारीबाग (नबिटाब)।** शहर में सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर शहर का माहौल पूरी तरह से तैयार नजर आ रहा है और युवाओं में रक्तदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। संस्था की ओर से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान अब युद्ध स्तर पर पहुंच चुका है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। बड़ी संख्या में युवा इस शिविर में भाग लेने के लिए आगे आ रहे हैं और स्वेच्छा से रक्तदान करने की इच्छा जता रहे हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग यूथ विंग के सचिव रितेश खंडेलवाल ने भाजपा नेता टोनी जैन को रक्तदान शिविर में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। आमंत्रण स्वीकार करते हुए टोनी जैन ने इस पहल की सराहना की और कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग लेकर मानवता की सेवा में योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर समर्थन मिलना चाहिए।



### हजारीबाग ट्रेजरी घोटाला: 15 करोड़ से अधिक की अवैध निकासी, बोकारो तक फैली जांच

**हजारीबाग (नबिटाब)।** झारखंड में सरकारी वित्तीय व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। हजारीबाग ट्रेजरी से 15 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध निकासी का बड़ा मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। शुरूआती जांच में संकेत मिले हैं कि यह गड़बड़ी लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से की जा रही थी, जिसमें कई स्तरों पर मिलीभगत की आशंका है। सूत्रों के अनुसार, फर्जी बिल, गलत दस्तावेज और सिस्टम की खामियों का फायदा उठाकर यह रकम निकाली गई। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी निकासी लंबे समय तक बिना किसी शक के जारी रही। मामला तब उजागर हुआ जब वित्तीय ऑडिट में संदिग्ध लेन-देन सामने आए। जांच के दायरे में कई कर्मचारी और अधिकारी आ गए हैं। दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है और संबंधित लोगों से पूछताछ जारी है। माना जा रहा है कि अंदरूनी सहयोग के बिना इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता संभव नहीं थी। इधर, बोकारो जिले में भी 4.29 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आ चुका है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि यह सिर्फ एक जिले तक सीमित मामला नहीं, बल्कि राज्य स्तर पर फैले किसी बड़े नेटवर्क की ओर इशारा कर सकता है। सरकार ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। साथ ही, ट्रेजरी सिस्टम को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी सुधारों की भी योजना बनाई जा रही है। इस खुलासे के बाद आम जनता में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यह राशि विकास कार्यों के लिए निर्धारित होती है। अब सभी की नजर जांच के परिणाम और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# विकास योजनाओं में गुणवत्ता और समय-सीमा पर सख्ती, उपायुक्त ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में जिले में कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से संचालित योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने सभी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी लेते हुए उनकी वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकास योजनाओं को पारदर्शिता, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को इसका लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने कहा कि विकास कार्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इन क्षेत्रों की हुई विशेष समीक्षा सड़क निर्माण भवन निर्माण पेयजल व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा सिंचाई एवं अन्य आधारभूत संरचना उपायुक्त ने संबंधित अभियंताओं एवं तकनीकी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखें। जहां कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने को कहा गया उन्होंने कार्यकारी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समस्याओं को समय पर प्रशासन के समक्ष रखने का निर्देश दिया, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके उपायुक्त ने तकनीकी पदाधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट, कार्यस्थलों का निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।साथ ही, लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने पर जोर देते हुए चेतावनी दी गई कि कार्य में देरी या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला अधिवक्ता संघ ने महापौर व उपमहापौर का किया सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह ज़िला अधिवक्ता संघ द्वारा नवनिर्वाचित महापौर प्रमिला मेहरा एवं उपमहापौर सुमित कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नू कांत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने दोनों जनप्रतिनिधियों को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और शहर के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई महापौर प्रमिला मेहरा एवं उपमहापौर सुमित कुमार ने इस सम्मान के लिए अधिवक्ता संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नगर के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए न्यायिक व्यवस्था एवं नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर आपसी सहयोग पर बल दिया।



# गौरव यात्रा को ऐतिहासिक बनाने हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति द्वारा आयोजित होने वाले 113वें वार्षिक महाधिवेशन के तहत प्रस्तावित गौरव यात्रा को भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में माहुरी वैश्य महामंडल, अंतरंग समिति, केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति, गिरिडीह मंडल नवयुवक समिति सहित अधिवेशन जोन के पचम्बा, महेशलुंडी, हंडाडीह एवं गिरिडीह क्षेत्र के स्वजातीय बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही बैठक की सबसे खास बात यह रही कि इस वर्ष गौरव यात्रा में समाज की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।



निर्णय लिया गया कि समाज की वीरांगनाएँ, बहनें एवं बेटियाँ विशेष वेशभूषा में बाइक एवं स्कूटी के साथ यात्रा में शामिल होंगी। वाहन चलाने वाली महिलाएँ तिरंगा ध्वज एवं समाज ध्वज के साथ इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनेंगी, जो समाज में नई जागरूकता और सहभागिता का संदेश देगी बैठक में वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश सेठ, महामंत्री उमा शंकर चरणपहाड़ी, उपाध्यक्ष राजेंद्र तरवे, गिरिडीह मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अजय गुप्ता सहित कई पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की गौरव यात्रा समाज की एकता, अखंडता और अनुशासन का भव्य प्रदर्शन बनेगी। यात्रा के दौरान माँ मथुरासिनी के जयघोष, देशभक्ति गीतों, तिरंगा एवं समाज ध्वज के साथ अनुशासित नगर भ्रमण किया जाएगा बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि हर घर से कम से कम एक बाइक इस गौरव यात्रा में शामिल हो, ताकि समाज की एकजुटता और संगठन की शक्ति का ऐतिहासिक संदेश दिया जा सके।

# गुरु तेग बहादुर जी का 405वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्टेशन रोड, गिरिडीह स्थित मुख्य गुरुद्वारे में सिखों के नवें गुरु, हिंद दी चादर कहे जाने वाले गुरु तेग बहादुर जी का 405वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया संध्या काल में आयोजित इस कार्यक्रम में सिख समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया और शब्द वाणी का रसपान किया। इस अवसर पर स्थानीय रागी भाइयों द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के प्रसिद्ध कीर्तन, तन धाना कछू न संग चालै, तज देहु मन अभिमाना एवं धन दारा संपत्ति सकल, जिनि अपनी करि मानि, इन में कुछ संगी नहीं, नानक साची जानि— प्रस्तुत किए गए, जिसे सुनकर संगत भावविभोर हो उठी गुरु तेग बहादुर जी की वाणी आध्यात्मिक वैराग्य, ईश्वर भक्ति और निर्भयता का संदेश देती है। उनके उपदेश मानव जीवन में आत्मा की शुद्धि और परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रेरणा देते हैं।कीर्तन की समाप्ति के बाद अरदास एवं सुखासन के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के प्रधान डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया, सचिव सरदार नरेंद्र सिंह शमी, डॉ. सरदार अमरजीत सिंह सलूजा, सरदार चरणजीत सिंह सलूजा, सरदार त्रिलोचन सिंह सलूजा, सरदार परमजीत सिंह दुआ, सरदार भूपेंद्र सिंह दुआ, सरदार अजीनद्र सिंह चावला, सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा सहित सिख समाज के कई गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



# यूनाइटिंग फॉर सीनियर सिटिजन एम्पावरमेंट दिल्ली-एनसीआर चैप्टर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली ।** वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित देशव्यापी पहल व्यो विकास ने आज नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन यूनाइटिंग फॉर सीनियर सिटिजन एम्पावरमेंट के माध्यम से अपने दिल्ली-एनसीआर चैप्टर का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। इस स्थापित की है। वर्तमान में संगठन के साथ 1.85 लाख से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं। यह पहल वरिष्ठों द्वारा, वरिष्ठों के लिए, वरिष्ठों का के सिद्धांत पर आधारित है। भारत में तेजी से बढ़ती वरिष्ठ नागरिक आबादी—जो वर्तमान में 15 करोड़ से अधिक है और 2050 तक 34 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है—को ध्यान में रखते हुए व्यो विकास




सम्मेलन में सरकार, स्वास्थ्य क्षेत्र, नागरिक समाज तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सशक्त, समन्वित और सहयोगात्मक राष्ट्रीय तंत्र विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भारत लाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सचिव श्री अमित यादव (आईएएस, सेवानिवृत्त) को दिल्ली-एनसीआर चैप्टर का नेतृत्व सौंपे जाने की औपचारिक घोषणा की गई। व्यो विकास, जिसकी स्थापना अप्रैल 2021 में बेंगलुरु में हुई थी, ने अल्प अवधि में ही वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सक्रिय जीवन और सतत विकास को बढ़ावा देने वाले एक प्रभावी मंच के रूप में अपनी पहचान स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल समावेशन, कानूनी परामर्श, सामाजिक सहभागिता और नीति-निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समग्र रूप से कार्य कर रहा है। संगठन का नेतृत्व एक प्रतिष्ठित सलाहकार मंडल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें श्री क्रिस गोपालकृष्णन, डॉ. देवी शेट्टी, डॉ. अलेक्जेंडर थॉमस, सुश्री गौरी कुमार (आईएएस, सेवानिवृत्त), प्रो. श्रीनाथ रेड्डी, श्री अरुण सेठ, डॉ. गिरिधर ज्ञानि और प्रो. ओ.वी. नंदिमठ शामिल हैं। संचालन का नेतृत्व डॉ. जमुना रवि (सीईओ) और सुश्री पवित्रा रेड्डी (सीओओ) द्वारा किया जा रहा है। व्यो विकास अपने एकीकृत पाँच स्तंभ मॉडल के माध्यम से कार्य करता है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ नागरिक रजिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम, सस्ती चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच, दीघार्यु संबंधी शोध तथा वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

# एनटीपीसी की केरेडारी कोल खनन परियोजना पर उठे गंभीर सवाल

## नकास ट्रांसपोर्टर पर कोयला ढुलाई में अनियमितता का आरोप, धूल-धक्कड़ से जनजीवन प्रभावित, ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी कोल खनन परियोजना, जो कि देश की प्रमुख ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी की इकाई है, एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। परियोजना से निकलने वाले कोयले की ढुलाई में लगी नकास ट्रांसपोर्टर पर नियमों को ताक पर रखकर अनियमित तरीके से कोयला परिवहन कराने का आरोप लग रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कोयला ढुलाई में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण और जनस्वास्थ्य का संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, केरेडारी कोल परियोजना से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहनों के जरिए कोयले की ढुलाई की जा रही है, लेकिन इस दौरान धूल नियंत्रण के लिए जरूरी उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं। कोयला लदे वाहनों से उड़ने वाली धूल अब गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे सड़क किनारे बसे लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि परिवहन के दौरान न तो वाहनों को सही तरीके से ढंका जाता है और न ही नियमित पानी छिड़काव की समुचित व्यवस्था की जाती है।

### धूल-धक्कड़ से सांस लेना हुआ मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि कोयला परिवहन मार्ग से गुजरने वाले गांवों में दिनभर धूल का गुबार छाया रहता है। घरों के अंदर तक काली धूल पहुंच रही है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खासकर श्वास संबंधी समस्याओं, एलर्जी, आंखों में जलन, खांसी और त्वचा रोग जैसी बीमारियों से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि विकास के नाम पर चल रही यह परियोजना अब उनके लिए अभिशाप बनती जा रही है।

### नियमों की अनदेखी, प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि कोयला ढुलाई में पर्यावरणीय मानकों, परिवहन नियमों और सुरक्षा प्रावधानों की लगातार अनदेखी की जा रही है। भारी वाहनों की तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संचालन और सड़कों की बदहाल स्थिति ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। इसके बावजूद संबंधित विभागों और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।



### विकास के दावे बनाम जमीनी हकीकत

एनटीपीसी की ओर से क्षेत्र में विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि जमीनी हकीकत इसके उलट है। उनका कहना है कि परियोजना से निकलने वाले कोयले से देश के कई हिस्सों में बिजली पहुंच रही है, लेकिन परियोजना प्रभावित गांवों के लोग आज भी धूल, प्रदूषण, बीमारियों और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि परियोजना से करोड़ों का राजस्व और ऊर्जा उत्पादन हो रहा है, तो प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, प्रदूषण नियंत्रण और मुआवजे जैसी बुनियादी जरूरतों पर गंभीरता क्यों नहीं दिखाई जा रही है?

### ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग तेज

लगातार बढ़ती परेशानी के बीच क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कोयला ढुलाई में लगे ट्रांसपोर्टरों की भूमिका की जांच की जाए, धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव, कोयला लदे वाहनों को पूरी तरह ढंककर परिवहन, ओवरलोडिंग पर रोक, स्पीड कंट्रोल, और प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। साथ ही परियोजना प्रबंधन और परिवहन एजेंसियों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण में लापरवाही उजागर, अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों में गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद मंगलवार को झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड एवं नगर पंचायत की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और संवेदक को फटकार लगाई। निरीक्षण के क्रम में देवरी सोन नदी तट पर चल रहे ट्यूबवेल निर्माण कार्य, प्रखंड कार्यालय परिसर, कर्पूरी मैदान के समीप निर्माणाधीन जलमीनार तथा मेहंदीनगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा लिया गया। इस दौरान अधिकांश स्थलों पर कई महीनों से कार्य ठप पाया गया, जिससे परियोजना की प्रगति पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने जेयूआइडीसीओ के उप परियोजना प्रबंधक राहुल कुमार को निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों को अविलंब शुरू कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंचेगा, तब तक इस योजना का कोई औचित्य नहीं है। साथ ही उन्होंने संवेदक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि इस परियोजना की शुरुआत 26 फरवरी 2021 को हुई थी और तय समयसीमा के भीतर शहरी क्षेत्र के सभी घरों तक पाइपलाइन से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया था। लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस योजना को 31 मार्च 2026 तक पूरा किया जाना था, लेकिन समयसीमा बीतने के बावजूद अब तक केवल 50 से 60 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। हालांकि, प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पूर्व में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने का दावा किया गया था, लेकिन स्थल निरीक्षण में वास्तविक प्रगति करीब 50 प्रतिशत ही पाई गई, जिससे कार्य की पारदर्शिता पर भी सवाल उठने लगे हैं। कार्य की धीमी गति से स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उजागर हुई अनियमितताओं के बाद अब यह देखना अहम होगा कि दिए गए निर्देशों के बाद कार्य में तेजी आती है या नहीं, ताकि लोगों को जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। वहीं, जेयूआइडीसीओ के उप परियोजना प्रबंधक राहुल कुमार ने आश्वासन दिया है कि रुके हुए कार्यों को शीघ्र ही पुनः शुरू कराया जाएगा।





## मोहसिना किदवई के निधन पर शोक, हृदयानंद मिश्र ने जताया गहरा दुःख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारत सरकार की पूर्व केन्द्रीय मंत्री, देश की जानी-मानी कांग्रेस नेतृ, महिला सशक्तीकरण की पर्याय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव के निधन पर शोक संदेश में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि क़िदवई सहजता, सरलता एवं बुद्धिमत्ता की प्रतीक थी। श्रीमती किदवई के निधन से मैं मर्माहत हूं। श्रीमती क़िदवई से मेरा चार दशक पुराना संबंध था लेकिन आज से 27 वर्ष पूर्व जब से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी बनी तो संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ गई थी जो जीवन पर्यन्त दोनों ही तरफ से क़ायम रहा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिजनों को भी धैर्य प्रदान करे।

# जालसाजी अथवा फर्जीवाड़ा पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का युवाओं को रोजगार से जोड़ने के संकल्प को लेकर जिला प्रशासन द्वारा होमगार्ड भर्ती के लिए आयोजित की जा रही शारीरिक दक्षता परीक्षा पूरी सख्ती और पारदर्शिता के साथ तीसरे दिन भी संचालित की जा रही है। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया की डिजिटल निगरानी की जा रही है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हर एक गतिविधि पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों तथा कर्मियों को निर्देशित किया है कि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले कर अंदर प्रवेश न करें इसका विशेष रूप से ध्यान दें। सीसीटीवी और वीडियोग्राफीः परीक्षा केंद्र के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। साथ ही, दौड़ और अन्य शारीरिक स्पर्धाओं की निरंतर वीडियोग्राफी कराई जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की



गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। बायोमेट्रिक सत्यापनः अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय बायोमेट्रिक हाजिरी और आधार सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इससे फर्जी अभ्यर्थियों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। तकनीकी का उपयोगः दौड़ के सटीक समय के मापन के लिए (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) चिप तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे परिणाम पूरी तरह त्रुटिहीन और पारदर्शी बने रहें। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगीः परीक्षा स्थल पर जिला समादेष्टा और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम लगातार मौजूद है, जो पूरी प्रक्रिया का औचक निरीक्षण कर रही है। अधिकारियों का संदेशः उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि चयन केवल योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सचेत किया है कि वे किसी भी बिचौलिए या ठग के झांसे में न आएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना मिलने पर तुरंत इसकी सूचना केंद्र पर तैनात पुलिस बल या हेल्पडेस्क या कंट्रोल रूम को दें। किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है और सफल अभ्यर्थियों की सूची प्रक्रिया पूरी होने के बाद आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

# रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के नेतृत्व में चला विशेष चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के निर्देश पर बुधवार को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेष निगम के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शक्तिपूंज एक्सप्रेस व रांची चोपन एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ-साथ प्लेटफार्म व प्रतीक्षालयों की सघन जांच की गई । चेकिंग अभियान के क्रम में लगभग 43 व्यक्तियों को विभिन्न अनियमितता के आरोप में पकड़ा गया। इनसे विधि अनुसार जुर्माना वसूल किया गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों सेए अपील की है कि यात्रा के दौरान नियमों का पालन करें । वैध टिकट के साथ यात्रा करें ।विदित हो कि यह




अभियान नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इसका आयोजन 9 मई को रेलवे न्यायालय में किया जाएगा। उक्त अवसर पर आम जन अपने रेलवे संबंधी मामले का निस्तारण प्ली बारगेनिंग अथवा पलीड गिल्टी के माध्यम से रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी की पीठ के समझ करवा सकते हैं । मौके पर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेष निगम के अलावे रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी बल शामिल थे।

# मजदूरों की आवाज नहीं दबने दी जाएगी : केएन त्रिपाठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ रीजनल कमिटी की बैठक बेरमो में हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने की। मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि मजदूरों की आवाज को देश भर में दबने नहीं दिया जाएगा। पूरे देश भर में संगठन की चट्टानी एकता का परिचय समय -समय पर दिया जाता रहा है। आगे भी जरूरत पड़ेगी तो मजदूरों के हक में उचित निर्णय लिए जाएंगे। संगठन पहले से और ताकतवर हुआ है। आने वाले समय में कार्यकारणी का



विस्तार होगा। साथ ही त्रिपाठी ने कहा है कि मजदूरों का हक मारने वाले सावधान। मजदूरों के साथ अन्याय हुआ तो संगठन पूरी मजबूती के साथ मजदूरों की लड़ाई लड़कर न्याय दिलाएगा।

# ओबरा के कई तीर्थ स्थल उपेक्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की अनदेखी के कारण ओबरा प्रखंड क्षेत्र के कई तीर्थ स्थल उपेक्षित है। पर्यटन के तमाम कोरम को पूरा करने के बाद भी इन तीर्थ स्थलों का विकास नहीं किया जा सका है। ओबरा प्रखंड मुख्यालय से तीन किलोमीटर पर मनोरा स्थित गौतम बुद्ध का मंदिर, हजरत सुलेमान कादरी की दरगाह, पुनपुन नदी के तट पर शहीद जगतपति की हवेली खरांटी में अष्टभुजी काली मां का मंदिर सहित कई स्थल उपेक्षित है। जिससे पर्यटक एवं श्रद्धालु तो इन तीर्थ स्थलों को देखने आते हैं परंतु यहां पर कोई व्यवस्था नहीं होने से निराश लौटते है। यह सभी तीर्थ स्थल दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए आस्था एवं विश्वास का केंद्र बनता जा रहा है परंतु इतना होने के बावजूद भी इसे विकसित नहीं किया गया है। मनोरा के पूर्व मुखिया सिदेश्वर सिह, उमेश्वर सिह, कुंदन शर्मा, पूर्व लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पासवान ने बताया कि इन सभी स्थलों पर भीड़ देखी जाती है। मनोरा का भूतना मेला एवं बुद्ध मंदिर काफी प्रसिद्ध है। उसी तरह शहीद जगतपति कुमार का हवेली खंडहरों में तब्दील है। अष्टभूजी मंदिर का भी विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है परंतु उसके बावजूद भी स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ पर्यटन विभाग भी गंभीर नहीं है।

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान कुंदन सिंह की पत्नी चंचल सिंह के रूप में हुई है।

मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज को लेकर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के चाचा अरुण सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व चंचल की शादी हुई थी और तब से उसे दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। मंगलवार को सूचना मिली कि वह छत से




गिर गई है, लेकिन ससुराल पहुंचने पर उसकी मौत की खबर मिली।

घटना के बाद मायके पक्ष ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मेदिनीनगर के एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# आईआईटी आईएसएम में जनजातीय छात्रों के लिए आईटी प्रशिक्षण के साथ सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद झारखंड के जनजातीय छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए बेसिक और एडवांस्ड आईटी एवं कंप्यूटर स्किल्स पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। इसी क्रम में 8 से 10 अप्रैल 2026 तक एंड-सेमेस्टर परीक्षा के साथ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी शुरू की गई है। इसमें कक्षा 10, 11 और 12 के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। यह छात्र एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) से हैं। ईएमआरएस भारत सरकार की एक योजना है, जिसके तहत दूरदराज के जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की आवासीय शिक्षा दी जाती है। इस कार्यक्रम में ईएमआरएस



कठिजोरिया, तसरिया, बसिया, तोरसिंदुरी, सालगडीह और कुजरा के छात्र शामिल हैं। यह पहल आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियंत्रण विभाग द्वारा सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तहत चलाई जा रही है, जिसे जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार का सहयोग मिला है। कार्यक्रम का मकसद छात्रों को कंप्यूटर और आईटी से जुड़े जरूरी कौशल सिखाना है, ताकि वे आगे की पढ़ाई और रोजगार के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम का मार्गदर्शन रश्मि सिंह और नीलाद्रि दास कर रहे हैं। इसमें बेसिक मॉड्यूल के तहत कंप्यूटर की जानकारी, टैली और पाइथन सिखाया जा रहा है, जबकि एडवांस्ड मॉड्यूल में एमएस एक्सेस, एमएस प्रोजेक्ट और एडवांस्ड टैली पर ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण और परीक्षा का संचालन सनी कुमार, फिरदौस अंसारी, सुमना बनर्जी, अमृता पुरी और निलेश कुमार की टीम कर रही है। यह कार्यक्रम आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डिजिटल समावेशन और जनजातीय युवाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है, जिससे वे डिजिटल दुनिया में बेहतर अवसर हासिल कर सकें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को ले सीजेएम ने जिले के थाना प्रभारियों संग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** एनआई एक्ट का 25 अप्रैल को स्पेशल लोक अदालत व नौ मई को आहूत होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को ले सीजेएम मनोरंजन कुमार ने जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पक्षकारों को नोटिस का तामिला ससमय करें। इससे पक्षकार समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना केस समाप्त करा सकें। उन्होंने कहा कि झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के मार्गदर्शन में एनआई एक्ट का स्पेशल लोक अदालत 25 अप्रैल को आहूत किया जाएगा। इसमे एनआई एक्ट के अधिक से अधिक मामले के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया हैं। कहा



कि नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी आरम्भ कर दी गई है। उन्होंने सभी थानेदारों को अपने-अपने थाना अंतर्गत जो भी नोटिस है उसका समय पर तामिला सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण से समय, श्रम शक्ति व पैसे की बचत होती है। साथ ही पक्षकारों में मधुर सम्बंध स्थापित हो जाता है। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन के अलावे विभिन्न थाना के प्रभारी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर विशाल समारोह 14 अप्रैल को

**मेदिनीनगर, पलामू।** भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 14 अप्रैल दिन मंगलवार को चतरा के नगर भवन मैदान में विशाल जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/05** **दिनांक : 06.04.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-05**

**क्रम सं. : एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-123-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)], विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर एलईडी फ्लैंज के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं. : एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** नबद्वीपधाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं. : एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं. : एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं. : एबी/4, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एजेड-ओएच-163-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** आजिमगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं. : एबी/5, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 22.04.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु।

HWH-12/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/01-02/26-27 (खुली), दिनांक 07.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: 1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-01-26-27, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के तहत एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एसटीएन फिल्टर हाउस में पानी के जलाशय के कीचड़ की निकासी/सफाई तथा बीआरआर में इनटेक वेल की मौजूदा संरचनाओं के सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 86,92,925.36, **बयाना राशि :** रु. 1,73,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 2, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-02-26-27, **कार्य का नाम:** एक्सईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में ब्रिज नं. 5 ई, 5 डब्ल्यू, 451ए, 528ए, 656 डाउन, 691 अप पर फॉस्फर ब्रॉन्ज बेयरिंग से मौजूदा सेंट्रलाइज बेयरिंग के प्रतिस्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,68,11,471.49, **बयाना राशि :** रु. 5,36,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 04.05.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-09/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध सीतामढ़ी में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहाँ बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए स्कूल की शुरुआत से क्षेत्र में आधुनिक और बेहतर शिक्षा लाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और शिक्षा से जुड़े लोगों में खुशी है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर (जेडीयू), सीतामढ़ी, बिहार शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार पिंटू (नगर विधायक, सीतामढ़ी) और अनिल कुमार (विधायक, बथनाहा) भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा के विकास के लिए समर्पित कई प्रमुख नेता एक साथ उपस्थित हुए, जिससे कार्यक्रम और भी खास बन गया। यह कार्यक्रम सीतामढ़ी के छात्रों के लिए नए मौके और अच्छी शिक्षा की शुरुआत का संकेत बना। इसके बाद सभी अतिथियों ने स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने आधुनिक कक्षाएं, अच्छी सुविधाएँ और बच्चों के लिए अनुकूल माहौल देखा। इससे स्कूल की अच्छी शिक्षा देने की प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेश चंद्र ठाकुर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, "इस स्कूल की स्थापना सीतामढ़ी के युवाओं को अच्छी शिक्षा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे संस्थान बच्चों को सही मूल्य और ज्ञान देकर देश के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" अपनी सोच साझा करते हुए बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन के प्रबंध निदेशक निर्वान बिरला ने कहा, "हम सीतामढ़ी में अपने विस्तार से बहुत खुश हैं। हमारा उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना है, जहाँ बच्चे सोचें, नई चीजें सीखें और हर तरह से आगे बढ़ें। यह नया स्कूल हमारी इस सोच को दिखाता है कि हम सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन के लिए भी बच्चों को तैयार करना चाहते हैं।" सीतामढ़ी में इस स्कूल के खुलने से लोगों में काफी खुशी और उम्मीद है। नई पढ़ाने की पद्धति, बच्चों के पूरे विकास और अच्छे संस्कारों पर ध्यान देने की वजह से यह स्कूल जल्दी ही इलाके का एक अच्छा शिक्षा केंद्र बन सकता है। अब जब यह स्कूल बच्चों के लिए खुल गया है, तो यहाँ सिर्फ पढ़ाई ही नहीं होगी, बल्कि यह एक ऐसा स्थान होगा, जहां बच्चों के सपने पूरे होंगे और उनका भविष्य बेहतर बनेगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर संचारी रोग, टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, डायरिया नियंत्रण सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि सभी प्रखंडों के 755 स्कूलों में से 313 स्कूलों का माइक्रोप्लान तैयार किया जा चुका है। इसके अंतर्गत प्रथम खुराक के रूप में 13,821 एवं द्वितीय खुराक के रूप में 1,785 का टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर गांवों एवं नगर क्षेत्रों में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा आने वाले प्रत्येक मरीज की समुचित जांच एवं उपचार किया जाए। मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा भव्या ऐप का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मरीजों को दी जा रही दवाओं की नियमित प्रविष्टि भी सुनिश्चित करने को कहा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन को हीट वेव एवं एइएस/जेइ से संबंधित वार्डों को चिन्हित कर आवश्यक तैयारी पूर्ण रखने का निर्देश दिया गया। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। इस दौरान एफपीएलएमआइएस एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रगति का आकलन किया गया। सभी स्वास्थ्य संस्थानों एवं आशा कार्यकर्ताओं को एफपीएलएमआइएस पोर्टल पर सक्रिय रखते हुए परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार पर विशेष बल देने का निर्देश दिया गया। साथ ही, एफडीएस प्लान के तहत नसबंदी सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं डीक्यूएसी बैठक आयोजित कर नव-नियुक्त सर्जनों के पैनलमेंट की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा गया। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयरन सिरप एवं आइएफए टैबलेट्स के वितरण, मासिक प्रतिवेदन एवं समय पर इंडेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 19 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन नवादा , अस्पताल उपाधीक्षक, संचारी रोग पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य, डीआईओ सहित सभी एमओआईसी, बीएचएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनगणना 2027 को लेकर हरनौत में बैठक, 16 अप्रैल से प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बुधवार को प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह चार्ज पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने जनगणना कार्य को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से चलाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया, ताकि कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके। उन्होंने नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) कोषांग को विशेष रूप से मजबूत बनाने की बात कही और कहा कि इसके बेहतर संचालन से अन्य सभी कोषांगों का कार्य भी सुचारू रूप से चलेगा। बैठक में कार्मिक कोषांग के ब्रज किशोर चरण, प्रशिक्षण कोषांग की पूजा कुमारी और आईटी कोषांग की चांदनी रस्तोगी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# साइबर ठगी में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार, पांच मोबाइल बरामद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के हवाले से बताया गया कि साइबर थाना नवादा में दर्ज कांड संख्या 37/26, दिनांक 07 अप्रैल 2026 के तहत कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 303(2), 316(2), 318(4), 319(2) एवं 338 बीएनएसएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि गठित एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 अप्रैल 2026 को प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बलवापर में छापेमारी की। इस दौरान दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गौतम कुमार (उम्र 22 वर्ष) एवं दीपक कुमार (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने अपराध का तरीका भी स्वीकार किया है। ये लोग कूरियर कंपनी के नाम पर फर्जी कॉल कर लोगों को झांसा देते थे और उनके मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर व्हाट्सएप हैक कर लेते थे। इसके बाद परिजनों को आपातकालीन स्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की जाती थी। इस तरह ये गिरोह लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पांच स्मार्ट मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराध में किया जा रहा था। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस अभियान में साइबर थाना नवादा की एसआईटी टीम के कई अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं।

## राजगीर में बुलडोजर चलाकर मेला मैदान को कराया अतिक्रमण मुक्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मलमास मेला क्षेत्र मैदान में बुधवार को नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम ने अवैध रूप से लगी दुकानों, झुग्गी-झोपड़ियों और गुमटियों को हटाया। अभियान के तहत बुलडोजर की मदद से अस्थायी ढांचों को तोड़कर जमीन खाली कराई गई। साथ ही सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और जाम की समस्या से राहत मिले। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी मेलों और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, जिससे मेला क्षेत्र को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया जा सके। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि सरकारी जमीन पर किए गए सभी अतिक्रमण को हटाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 12,573 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 2,832, बीपीसीएल के 6,737 एवं आईओसीएल के 3,004 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही, उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।

शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 290 शिकायतों में से 244 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं। इन दलों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज भी जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

जिला प्रशासन ने आमजन को आश्वस्त किया है कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है एवं आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों से दूर रहें, आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर बुकिंग करें तथा संयम बनाए रखें।

## बंद मकान से पांच लाख की संपत्ति चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के नियामतपुर मोहल्ला में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने टुनटुन बिंद की पत्नी सोनवंती देवी के घर को निशाना बनाया। पीड़िता ने बताया कि उनके पति और पुत्र दिल्ली में रहकर कमाते हैं और वह घर में अकेली रहती हैं। 20 मार्च को वह घर में ताला लगाकर अपनी बेटी के ससुराल पाकड़ गांव चली गई थीं और घर की देखभाल की जिम्मेदारी अपनी गोतनी सुनीता देवी को दी थी। बुधवार सुबह सुनीता देवी ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद पीड़िता अपने दामाद के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे पर नया ताला लगा था, जबकि अंदर कमरे और पेटी का ताला टूटा हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि चोर करीब 50 हजार रुपये नकद और सोना-चांदी के जेवरात समेत लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई राजेश कुमार सिंह और एएसआई राम प्रताप ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़िता से पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## रोजगार कैम्प का आयोजन, 60 पदों पर भर्ती का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 11 अप्रैल 2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0), नवादा के प्रांगण में रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार कैम्प में एक्सप्रेस इंटरप्राइजेज, महाराष्ट्र द्वारा मशीन ऑपरेटर, पी0सी0बी0 ऑपरेटर एवं पी0सी0बी0 इलेक्ट्रॉनिक के कुल 60 रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं/12वीं/आई0टी0आई0/डिप्लोमा निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 20,000 से 22,000 (सीटीसी) तक वेतन के साथ ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0सी0 की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। कार्यस्थल चाकन (पुणे), महाराष्ट्र रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि को कैम्प स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक किया जाएगा। यह भी बताया गया कि केवल वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकेंगे जो एन0सी0एस0 (नेशनल कैरियर सर्विस) पोर्टल पर निबंधित हैं। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर इस कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजन पूर्णतः निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा किया जाएगा तथा नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा।

## रास्ता हटाने का लोगों ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर दियारा स्थित दीपनगर गंगा घाट के पास आज जिला प्रशासन गंगा नदी में अवैध रूप से बनाए गए रास्ते को हटाने पहुंची। प्रशासन की इस कार्रवाई के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई और माहौल काफी गरमा गया। ग्रामीण शिव मंडल ने बताया कि रास्ता उनके लिए महज एक मार्ग नहीं, बल्कि जीवनरेखा के समान है।

## मेधावी छात्र आनंद को विधायक ने किया पुरस्कृत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नागरनौसा (नालंदा)।** विधायक हरि नारायण सिंह ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्य में नवम तथा जिला में प्रथम स्थान पाने वाले रामपुर उच्च विद्यालय के छात्र आनंद कुमार को प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्र छात्राएं भी सम्मानित हुईं। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह एवं मंच संचालन संगीत शिक्षा राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। समारोह को जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने भी संबोधित किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, रामपुर पंचायत के मुखिया शिवकुमार उर्फ डेगन यादव तथा अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थित रही। अतिथियों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरियावां के प्रधानाध्यापक डा. विजय कुमार उपस्थित थे। जद(यू) के प्रखंड अध्यक्ष सतीश चंद्र, रामपुर पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार सहित अन्य कई उपस्थित हुए। छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत की।

## सखी वार्ता के माध्यम से महिला उत्पीड़न व बाल विवाह के प्रति जागरूकता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, बड़ी तालाब गेट के सामने, प्रखंड–पकरीबरावां, जिला–नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर के सौजन्य से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत 'सखी वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन–181, चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, राष्ट्रीय साइबर क्राइम शिकायत–1930, लैंगिक भेदभाव, अक्षय तृतीया में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम, दहेज प्रथा, पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। बैठक की शुरुआत लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित लोगों को घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी महिला के विरुद्ध उसकी इच्छा के बिना किया गया शारीरिक, यौन, मानसिक अथवा आर्थिक दुर्व्यवहार, जिससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंचती है, उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उन्होंने उत्पीड़न के प्रकार—शारीरिक, यौन, मानसिक/मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं साइबर उत्पीड़न—पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही इसके प्रमुख कारणों में पितृसत्तात्मक मानसिकता, लैंगिक असमानता, आर्थिक निर्भरता, अशिक्षा एवं दहेज प्रथा को बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की शिकायत वन स्टॉप सेंटर या महिला हेल्पलाइन–181 पर की जा सकती है।

## नीमाटांड़ विद्यालय में छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमाटांड़ में वर्ग 8 के सभी छात्र-छात्राओं को भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम एसएलसी (स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट) के उपलक्ष्य में रखा गया,जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। वहीं मंच का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद ने की। इस दौरान सभी शिक्षक व शिक्षिका ने सम्मान सह विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 8 से नौवीं कक्षा में जाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के भविष्य की शुभकामनाएं एवं अवसर की उपलब्धताओं व भविष्य संवारने की सारी प्रक्रियाओं को सुक्ष्म तरीके से सभी छात्राओं के बीच में साझा किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मंच से ऐलान किया कि वर्ग 8 से ऊपर जाने वाले सभी छात्र-छात्राएं, जिन्हें अध्ययन के क्रम में आर्थिक, सामाजिक या शैक्षणिक स्तर से किसी तरह की भी असुविधा होती है,तो वे निःसंकोच विद्यालय प्रधानाध्यापक से संपर्क करें। जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद हर संभव उनके जीवन को संवारने के लिए किया जाएगा। विद्यालय की पूर्व छात्रा कंचन कुमारी (प्रधानमंत्री) बाल संसद के द्वारा सभी शिक्षक व शिक्षिका को पुष्पगुच्छा एवं सम्मान में शॉल व कलम दिया गया। साथ ही सहकर्मी रसोईया तारा देवी ,सुलेखा देवी, और रूबी देवी को उपहार देकर करके सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय विद्यालय रग्बी में बिहार का जलवा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भुवनेश्वर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17 बालक एवं बालिका) में बिहार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में बिहार टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं बालिका टीम ने फाइनल तक का सफर तय कर उपविजेता बनकर रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में नवादा जिले के खिलाड़ियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा। बालक वर्ग में पवन कुमार, इंद्रजीत कुमार और आदित्य कुमार के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बिहार टीम ने खिताब जीता। वहीं बालिका वर्ग में नवादा की चाहत कुमारी और शिखा कुमारी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा सभी पदक विजेता खिलाड़ियों के राज्य लौटने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किए जाने की तैयारी है। नवादा जिला रग्बी संघ के सचिव विक्रम कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रग्बी फुटबॉल में बिहार लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और यह राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि नवादा जिले के खिलाड़ी मिर्जापुर स्थित श्री कृष्णा प्रसाद खेल स्टेडियम में कड़ी मेहनत करते हैं, जिसका परिणाम आज राष्ट्रीय स्तर पर दिख रहा है। शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि रग्बी खेल बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक पदक दिलाने वाले खेलों में शामिल हो चुका है।

## बक्सर में 13 अप्रैल को जॉब कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जिले में बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत जिला नियोजनालय द्वारा 13 अप्रैल 2026 (सोमवार) को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला नियोजनालय परिसर में होगा, जिसमें विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा। जानकारी के अनुसार, AB India Services Pvt. Ltd. 200 से अधिक पदों पर नियुक्तियां करेगी। इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर, मोबिलाइजर, प्रोजेक्ट ट्रेनर, साइट सुपरवाइजर, टेली सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड सेल्स इंजीनियर, पंचायत कोऑर्डिनेटर, फिटर, वेल्डर, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, ऐप ऑनबोर्डिंग एग्जीक्यूटिव, मोबाइल/टीवी सर्वेयर, कंप्यूटर ऑपरेटर और हेल्पर जैसे पद शामिल हैं।

## 500 महादलितों के घरों के लिए नहीं है कोई रास्ता,जीना हुआ दूभर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित सतगिर गांव के रविदास टोला में रास्ते की समस्या से 60 घरों के लगभग 500 लोगों का जीना दूभर हो गया है। आधुनिक युग में भी महादलितों के घर तक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा नहीं जा पा रहा है। रास्ते के अभाव में लोगों की आम जिंदगी तो प्रभावित हो ही रही है,साथ ही इमरजेंसी सेवाओं में लोगों को खून के आंसू रोने पड़ते हैं। महादलित टोले के छोटे बच्चे बारिश के दिनों में स्कूल तक जाना छोड़ देते हैं,जबकि बड़े बच्चे 500 मीटर के रास्ते में रहे कीचड़ से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। बीते कई वर्षों से यहां के लोग जानकारी के अभाव में घुट-घुट कर जीने को मजबूर हैं। रविदास टोला के ग्रामीणों द्वारा मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव के पास समस्या रखी गई,किंतु उनके द्वारा व्यापक समाधान अबतक नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के कुछ दबंग लोग नहीं चाहते हैं कि हमारा विकास हो और वे रास्ते को लेकर जगह नहीं देना चाहते हैं। इस कारण गांव में हमेशा तनाव बना रहता है। ग्रामीणों ने रास्ते की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाने की बात कही है।

**रास्ते के लिए दो खेमें में बंटे हैं लोग**

रविदास टोला में रास्ते निर्माण को लेकर गांव के लोग दो खेमों में बंटे हुए हैं। एक तरफ गांव के ही कारू प्रसाद,अशोक प्रसाद, उमेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद और उपेंद्र प्रसाद रास्ते के लिए जमीन देने को तैयार हैं,तो दूसरी तरफ भुवनेश्नर प्रसाद, बालो प्रसाद, रामोतार प्रसाद, सकलदीप प्रसाद, उमेश प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, मनी प्रसाद एवं रंजीत कुमार यादव रास्ते निर्माण में बाधक बने हुए हैं।

# बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का महत्वपूर्ण केंद्र : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना।** दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकर लाल हॉल में बुधवार को आयोजित बिहार गौरव महोत्सव 2026 में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहार की गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक समृद्धि और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि इन ऐतिहासिक शिक्षण संस्थानों ने पूरे विश्व को ज्ञान का प्रकाश दिया है।



साथ ही भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और सम्राट अशोक की धरोहरों को बिहार की वैश्विक पहचान का आधार बताया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक विविधता का जिक्र करते हुए मधुबनी पेंटिंग, भोजपुरी, मैथिली और मगही भाषाओं को देश की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम भी करते हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज बिहार की छात्र-छात्राएं देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र निर्माण में करें, तभी देश आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने आयोजकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि 'बिहार गौरव महोत्सव' आने वाले समय में और भी भव्य रूप में आयोजित होगा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के सत्यापन में तेजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गया जी, गया जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदनों के सत्यापन में तेजी ते आई है। बुधवार को डीडीसी कार्यालय में आयोजित समिति की बैठक में कुल 3252 आवेदनों का सत्यापन किया गया जिसमें बीसी/ईबीसी वर्ग के 922 और एससी/ एसटी वर्ग के 1596 आवेदन शामिल हैं। बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 1 लाख 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता, सदस्य अरुण कुमार राव, जितेंद्र कुमार एपीओ रंजन कुमार, शहरी विधायक प्रतिनिधि महेश विद्यार्थी, बेलागंज विधायक प्रतिनिधि प्रकाश राम पटवा आदि शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं का भविष्य बेहतर बनाने में इंटर्नशिप महत्वपूर्ण : डॉ सुहेली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पटना विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है। मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्या डॉ सुहेली मेहता ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी साबित हो रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है। किताब के साथ-साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। इंटर्नशिप से छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास हो रहा है। व्यवहारिक शिक्षा जीवन में महत्वपूर्ण है। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप



छात्र-छात्राओं के हित में उठाया गया बहुत बड़ा कदम है। फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 30 एवं 60 से लेकर 120 घंटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निणर्य लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है। फाउंडेशन अपने इंटर्न को मेधा के आधार पर देश-विदेश में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजता है। मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सन्नी कुमार मौजूद रहे।

# बुकिंग के 3 से 4 दिनों के भीतर हो रही रसोई गैस की होम डिलीवरी:मंत्री

## अब तक कुल 25,560 निरीक्षण जिनमें 1662 सिलेंडर जब्त और 114 एफआईआर दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वैश्विक ऊर्जा संकट के वर्तमान परिदृश्य के बावजूद राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति मांग के अनुरूप सुचारु रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग के बाद 3 से 4 दिनों के भीतर घरेलू सिलेंडर की होम डिलीवरी पूर्ववत की जा रही है जिससे एजेंसियों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है जिसे इंडियन ऑयल वन, हेलो बीपीसीएल और एचपी पे



ऐप के माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है। ये बातें बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी और व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ राज्यभर में व्यापक छापेमारी अभियान चल रहा है। अब तक 25,560 निरीक्षण किए जा चुके हैं जिनमें 1662 सिलेंडर जब्त और 114 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय है।

**करीब एक लाख घरों में पीएनजी सेवा**

मंत्री ने बताया कि राज्य में 99,346 घरों में पीएनजी कनेक्शन चालू है जबकि 55,025 घर कनेक्शन के लिए तैयार है। लगभग 3.39 लाख घरों में इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित हो चुका है। पिछले वर्ष पीएनजी कनेक्शन की गति 3,000-3,500 प्रति माह थी, जो मार्च 2026 में बढ़कर 8,000 प्रति माह हो गई है। 17 जिलों में पाइपलाइन से गैस आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक 36.85 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 36.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद 5,40,474 किसानों से की गई जिस पर 8,807.47 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है। रबी विपणन मौसम 2026-27 में 01 अप्रैल 2026 से सभी जिलों में गेहूं की खरीद शुरू है जबकि मसूर की खरीद 10 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 31 मई 2026 तक चलेगी। प्रेस कांफ्रेंस में खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि शादियों में गैस सिलेंडर की कमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सभी को समान संख्या में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रवासी मजदूरों को 5 किलो का रसोई गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग के निदेशक-सह-विशेष सचिव, उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय विभूति रंजन चौधरी, विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार तथा प्रबंध निदेशक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## प्रवास कार्यक्रम में सहरसा पहुंचे संजय सरावगी, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

### कार्यकर्ताओं के दम पर बनी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: संजय सरावगी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आज अपनी प्रवास यात्रा के क्रम में सहरसा पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। सहरसा के बलुआ चौक पहुंचने के बाद भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी पूजा रिसोर्ट पहुंचे जहां सैकड़ों की संख्या में जुटे जिले भर के कार्यकर्ताओं ने अपने अध्यक्ष का अभूतपूर्व स्वागत किया। अपने अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा खास तैयारी की गई थी। कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह उत्साह और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है जो बिहार को सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश और समाज के लिए राजनीति करती है। असंख्य समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत आज पार्टी इस मुकाम पर स्थापित हो पाई है। भाजपा कार्यकर्ता और विचारधारा आधारित पार्टी है। पार्टी आज जिस मुकाम पर है, यह करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या और मेहनत का परिणाम है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण, सेवा, त्याग और तपस्या भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है और हम सब को इसे बनाए भी रखना है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता केवल चुनाव के लिए कार्य नहीं करते हैं, बल्कि प्रति दिन और 24 घंटे पार्टी की मजबूती और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रवास कार्यक्रम कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता के बीच भरोसे का सेतु बनाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर पहुंचना है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जनता से संवाद करें और योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि हमारे पास बताने के लिए काफी कुछ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि हमलोग पिछले 20 साल से सुशासन और न्याय के साथ विकास के संकल्प के साथ बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को एनडीए ने विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है और विकसित बिहार बनाना हमारी प्रतिबद्धता है।

# 'लेन-देन का सच' कविता से मची हलचल

## डॉ. आनंद की रचना ने लोगों को किया आत्मचिंतन पर मजबूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा, वैशाली।** समाज में बढ़ती स्वार्थपरता, आर्थिक असंतुलन और आपसी विश्वास के संकट को लेकर शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा की कविता 'लेन-देन का सच' इन दिनों जनचर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है। अपनी सशक्त और यथार्थपरक अभिव्यक्ति के माध्यम से इस कविता ने समाज की उस सच्चाई को उजागर किया है जिससे हर वर्ग का व्यक्ति स्वयं को जोड़कर देख रहा है।

कविता की प्रमुख पंक्तियां–'पैसा लेता है वो, जो लौटाता नहीं, जो लौटाने वाला है, वो हाथ बढ़ाता नहीं।'

आज के दौर में लेन-देन की



बिगड़ती मानसिकता और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने लाती हैं।

इसी क्रम में 'चेहरों पर मुस्कान, दिलों में हिसाब है, हर रिश्ते के पीछे अब कोई न कोई जवाब है।' जैसी पंक्तियां आधुनिक समाज में रिश्तों के बदलते स्वरूप और बढ़ती औपचारिकता पर गहरी चोट करती हैं। इस कविता के प्रकाशित होते ही समाज में इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली। कई ऐसे लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर संपर्क किया जिन्होंने पूर्व में लेन-देन से जुड़े मामलों को लंबे समय से टाल रखा था। कुछ लोगों ने फोन कर अपनी स्थिति स्पष्ट की, तो कई ने संदेश के माध्यम से संवाद स्थापित किया। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि यह कविता केवल एक साहित्यिक रचना नहीं, बल्कि समाज के भीतर छिपे सच को उजागर करने वाली सशक्त आवाज है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज समाज में लेने और देने के बीच संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। लोग लेने में तो तत्पर हैं, लेकिन देने या जिम्मेदारी निभाने से बचते नजर आते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि सामाजिक संबंधों में भी दरार पैदा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी, विश्वास और जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाना होगा। विशेष रूप से युवाओं को आगे आकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करना चाहिए। यह कविता सोशल मीडिया एवं विभिन्न साहित्यिक मंचों पर तेजी से वायरल हो रही है और विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा इसे 'समाज का सटीक दर्पण' बताया जा रहा है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 6 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने 40 वर्ष पूर्ण होने पर एम्बुलेंस किया समर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने अपने गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल को एक आधुनिक एम्बुलेंस समर्पित की। इस नेक कार्य से अस्पताल की सेवाएं और सशक्त होंगी।

अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निखिल गोयल ने क्लब की सदस्याओं को धन्यवाद देते हुए कहा यह एम्बुलेंस क्लब के सदस्यों के सामूहिक सहयोग और समर्पण का प्रतीक है। हम इस योगदान के लिए हृदय से आभारी हैं। कार्यक्रम में एम.पी.



जैन ने बताया कि इनरह्वील डिस्ट्रिक्ट 325 की चेयरमैन रश्मि गुप्ता, पीडीसी श्वेता सिन्हा, डिस्ट आईएसओ विभा चरणपहाड़ी, डिस्ट एडिटर नीलू अरोड़ा, क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी, सेक्रेटरी नीलांजना, वाईस प्रेसिडेंट अपर्णा भारती, आईएसओ सुधा बिदेसरिया, एडिटर रेखा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एम्बुलेंस समर्पण के बाद क्लब द्वारा 40वें चार्टर डे के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनबो होम्स अनाथालय की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## बापू सभागार में 13 को अंबेडकर समग्र शिक्षा समागम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व बड़े स्तर पर अंबेडकर समग्र शिक्षा समागम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 13 अप्रैल को पटना स्थित बापू सभागार में होगा। एससी-एसटी कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर की शिक्षा संबंधी विचारधारा को आगे बढ़ाने और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सहित अन्य विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न अंबेडकर छात्रावासों के छात्र भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मंत्री रौशन ने मौके पर गायघाट स्थित अंबेडकर आवासीय विद्यालय की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि इस वर्ष इंटर परीक्षा में विद्यालय की 123 बालिकाओं ने भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। यह उपलब्धि विभाग के लिए गर्व की बात है। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत है ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे।

# आइसीआइसीआइ प्रू जीपीपी फ्लेक्सी के साथ जीवनभर की निश्चित आय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** यूएनडीपी की 2025 मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत में लोगों की जीवन प्रत्याशा 1990 में 58.6 साल से बढ़कर 2023 में 72 साल हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार के 'भारत में बुजुर्गों' के डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2036 तक हर सात में से एक भारतीय व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे ज्यादा होगी। ये आंकड़ें भारत में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं का संकेत देते हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ आने वाली चुनौतियों के बारे में भी हर व्यक्ति को जागरूक रहना जरूरी है। जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ रही है, उन्हें अपने रिटायरमेंट के दौरान बढ़ते खर्च और तेजी से बढ़ती मेडिकल महंगाई का सामना करना पड़ेगा। इस चुनौती को समझते हुए और रिटायरमेंट प्लानिंग को आसान बनाने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी तैयार किया है जो ग्राहकों को अपने रिटायरमेंट की प्लानिंग अच्छे से करने में मदद करता है। इस प्लान में व्यक्ति धीरे-धीरे पैसा जमा करके अपनी जरूरत के अनुसार एक अच्छी बचत बना सकते हैं। इसके बाद आपको जीवनभर के लिए निश्चित (गारंटीड) नियमित आय मिलती है जो रिटायरमेंट में सबसे जरूरी होती है। इसकी खास बात यह है कि आपको मिलने वाली आय की दर (इंटरेस्ट रेट) प्लान लेते समय ही तय हो जाती है, इसलिए बाद में बाजार के उतार-चढ़ाव का इस पर कोई असर नहीं पड़ता। प्लान के बारे में बताते हुए विकास गुप्ता, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, 'रिटायरमेंट प्लानिंग की सबसे बड़ी जरूरत होती है जीवनभर के लिए निश्चित आय। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए एक आसान और लचीले तरीके से बनाया गया है।'

# एआई युग में तकनीक से जुड़ेगी बिहार की शिक्षा : मंत्री

## शिक्षा विभाग और एक्स्ट्रा-सी के बीच हुआ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि डिजिटल युग और कृत्रिम मेधा (एआई) के इस दौर में शिक्षा को तकनीक से जोड़ना अनिवार्य है। एक्स्ट्रा-सी जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इनके माध्यम से प्रौद्योगिकी एवं अध्ययन के बीच एक स्वस्थ संतुलन स्थापित किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री बुधवार को विभाग के मदन मोहन सभागार में आयोजित विशेष समझौता ज्ञापन



हस्ताक्षर समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व शिक्षा विभाग और शैक्षणिक नवाचार क्षेत्र में कार्यरत संस्था एक्स्ट्रा-सी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। शिक्षा मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि इस एमओयू के सुचारु क्रियान्वयन हेतु विभाग की ओर से एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 7 लाख 60 हजार से अधिक विद्यालय हैं और विभाग बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए इस पहल में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इस पहल के अंतर्गत बिहार के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मुख्य रूप से लाभार्थी होंगे। शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे क्रॉसवर्ड आधारित शिक्षण पद्धति को प्रभावी रूप से कक्षा-शिक्षण में समाहित कर सकें। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक एवं शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय योगदान करेगी। अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन बिहार के विद्यालयी बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। उन्होंने इस पहल को राज्य की शिक्षा व्यवस्था में नवाचार की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। एक्स्ट्रा-सी के प्रमुख अमिताभ रंजन ने बताया कि संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर क्रॉसवर्ड आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को क्रॉसवर्ड को एक प्रभावी लर्निंग टूल के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह संस्था सीबीएसई और एआईसीटीई जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों की शब्दावली, तार्किक क्षमता एवं समस्या-समाधान कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक श्री विक्रम विरकर ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा विभाग में हो रहे नवाचारों के प्रति शिक्षा मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन की सराहना की।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने वित्त वर्ष में 63.69 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मार्च 2026 में कुल 549145 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की जो मार्च 2025 के मुकाबले 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। इस अवधि में 512303 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 36842 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। मार्च के इस प्रदर्शन ने एचएमएसआई को वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल 2025-मार्च 2026) को मजबूत स्तर पर समाप्त करने में मदद की। कंपनी ने कुल 6369504 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की जिसमें 5749275 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 620229 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की तुलना में वित्त वर्ष 2026 में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो ग्राहकों की लगातार मांग, बेहतर होते बाजार माहौल और प्रमुख सेगमेंट्स में अपनी मौजूदगी मजबूत करने पर एचएमएसआई के निरंतर फोकस को दर्शाता है। यह वर्ष घरेलू और निर्यात बाजारों में संतुलित प्रदर्शन का गवाह रहा जिसे मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा ग्राहक संतुष्टि पर निरंतर फोकस का समर्थन मिला।

## संपादकीय

# युद्ध की आग में झुलसती रसोई, जमाखोरी और महंगाई की दोहरी मार

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से उपजा संकट अब गहराने लगा है। युद्ध 39वें दिन में पहुँच गया है। पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से भारत समेत कई देशों में ईंधन की उपलब्धता काफी कम हो गई है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। देश में सरकार की ओर से भले ही यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, लेकिन हाल में व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर और विमान ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि संकट धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा है।सरकार देश भर में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति में देरी को लेकर जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इस बीच, पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को घरों में ईंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा गया है।गौरतलब है कि ईरान तथा इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के करीब एक माह बाद कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है। ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बंद किया है, उसके बाद भारत सहित कई देशों में बड़े पैमाने पर तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। ईंधन की कमी से उपजा वैश्विक संकट अब जिस स्तर पर बढ़ता जा रहा है, उसका भारत पर भी गहरा असर देखने को मिल रहा है, क्योंकि वह कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर अधिक निर्भर है।ऐसे में अगर युद्ध लंबा खिंचा तो आने वाले दिनों में किस तरह की परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को ईंधन आपूर्ति के वैकल्पिक उपायों पर अब व्यापक स्तर पर और गंभीरता से विचार करना होगा।देश में सरकार के समक्ष चुनौती सिर्फ तेल और गैस की कमी की ही नहीं है, बल्कि इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की भी है। मौजूदा संकट का दायरा इसलिए भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वालों में मुनाफा कमाने की होड़ लग गई है। जमाखोरी कर रसोई गैस सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद आम लोगों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।ऐसे में राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार की ओर से ऊर्जा के वैकल्पिक उपायों के तौर पर लोगों को घरों में इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक कुकटाप जैसे साधनों का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी जा रही है, ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम की जा सके।

**आधुनिकता का अर्थ क्या यह हो गया है कि इस देश की आधी कार्य योग्य आबादी अपनी समस्याओं के बारे में न सोचे और नशे में ही डूबी रहे? आज के युवा जिस तरह का नशा कर रहे हैं, उसमें मदिरा और कच्ची शराब पुरानी चीजें हो गई हैं। अब हुक्का बार और अन्य मादक पदार्थों के सेवन के मामले देखे जा रहे हैं। सिंथेटिक नशे का दौर आ गया लगता है। गौरतलब है कि नशे का कारोबार इतना बड़ा हो गया है कि किसी भी राज्य में नशे का धंधा करने वाले या इस व्यापार के सूत्रधार देश के सुदूर कोने या विदेश में भी मिल सकते हैं।**

# नशामुक्ति में जनसहयोग की जरूरत, युवाओं, समाज और व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती

(सुरेश सेठ)

पंजाब में नशाखोरी के खिलाफ पिछले एक वर्ष से अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने छापे मार कर सैकड़ों तस्कर पकड़े हैं। इनमें से बहुत सारे आरोपियों को सजा भी दिलवाई है। हजारों किलो नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। मगर समस्या दूर नहीं हुई है।

आधुनिकता का अर्थ क्या यह हो गया है कि इस देश की आधी कार्य योग्य आबादी अपनी समस्याओं के बारे में न सोचे और नशे में ही डूबी रहे? आज के युवा जिस तरह का नशा कर रहे हैं, उसमें मदिरा और कच्ची शराब पुरानी चीजें हो गई हैं। अब हुक्का बार और अन्य मादक पदार्थों के सेवन के मामले देखे जा रहे हैं। सिंथेटिक नशे का दौर आ गया लगता है। गौरतलब है कि नशे का कारोबार इतना बड़ा हो गया है कि किसी भी राज्य में नशे का धंधा करने वाले या इस व्यापार के सूत्रधार देश के सुदूर कोने या विदेश में भी मिल सकते हैं।

अब तो ड्रोन से भी नशीले पदार्थों की तस्करी हो रही है। हाल यह कि स्कूलों और कालेजों तक नशीले पदार्थ पहुंच रहे हैं। युवा पीढ़ी असमय बूढ़ी हो रही है, क्योंकि देश ने उसे सस्ता या मुफ्त राशन देकर भूख से न मरने देने की गारंटी तो दे दी, लेकिन रोजगार की नहीं। देश गर्व से फूला नहीं समाता कि हम डिजिटल हो गए। साइबर क्रांति हो गई। मगर स्याह तस्वीर तो यह है कि देश के युवा बेरोजगार हैं और नशे में डूब रहे हैं।

हम रोबोट युग की कल्पना कर रहे हैं, मगर सपने साकार करने वाली वह पीढ़ी ही तैयार नहीं कर रहे। इससे पहले युवा पीढ़ी पलायनवादी हो गई थी और डालर और पाउंड के मोह में सात समंदर पार जाकर करोड़पति हो जाना चाहती थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'अमेरिका प्रथम' के नारे के बाद जब सभी समृद्ध देशों ने यही नीति अपना ली, तो हमारे युवा स्वदेश लौटने लगे। मगर उनके सपने धुंधले पड़ गए, क्योंकि यहां उनके लिए नौकरी नहीं थी।

हालांकि रेवड़ियां बांटने से राजनीतिक दलों को फुर्सत नहीं है। उनके चुनावी एजंडे में रोजगार नहीं है। दूसरी ओर, बिना काम किए खाते में पैसे दिए जा रहे हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी कहां जाए? निराश होकर युवा नशे में डूब रहे हैं। दूसरी ओर, व्यवसायियों ने एक के बाद एक विश्वविद्यालय परिसर तो खड़े कर दिए, लेकिन पुस्तक संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त हो गई। जहां तक हमारे पाठ्यक्रमों, अध्यापन और शोध का संबंध है, उसमें वह परिवर्तन नहीं आया जो इस तेजी से बदलते हुए युग की कल्पना करने वाले देश में आना चाहिए था। सवाल है कि इस बीच नशीले पदार्थों का कारोबार कैसे खड़ा हो गया? युवा कहे जाने वाले इस देश में बड़ी संख्या में नौजवान नशे की गिरफ्त में क्यों नजर आते हैं?

स्थिति यह है कि नशे के शिकार युवाओं की मौत की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। देश के सरहदी इलाकों में नशे का प्रसार खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। जब सरहद पर दुश्मन खड़े हों और मुकाबला करने वाली युवा पीढ़ी नशे की कंदराओं में भटक रही हो, तो इसका क्या परिणाम होगा, इसे समझा जा सकता है। कभी सोचा भी नहीं गया था कि देश के कुछ नागरिक चंद पैसे के लिए शत्रु देशों के लिए जासूसी करेंगे और इसकी आड़ में वे नशे का कारोबार भी खड़ा कर लेंगे। कौन-सा राज्य इससे बचा है? यह



किसी से छिपा नहीं है कि सरहदी राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब में नशाखोरी बढ़ी है। तमाम अभियानों के बावजूद नशीले पदार्थों के तस्कर यहां पांव पसार रहे हैं। इन राज्यों में नौजवानों की जिंदगी बर्बाद हो रही है।

हैरत की बात है कि कुछ माफिया नशे का कारोबार फैला कर इतनी ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं कि वे देश की राजनीति को संचालित करने का सपना देखने लगते हैं। इन समस्याओं का समाधान बुलडोजर संस्कृति नहीं है। दुखद है कि अब यह संस्कृति हरियाणा और पंजाब में भी दिख रही है। तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अब मानवीय मूल्यों को बचाने की जद्दोजहद भी सामने आ रही है। अभी पिछले दिनों पंजाब के गांव नंगल कलां में एक नई तस्वीर नजर आई। यहां नशे के शिकार एक युवक की मौत हो गई।

हालांकि ऐसी घटनाएं पहले भी हुईं और मां-बाप इसे अपनी किस्मत मान कर चुप बैठ गए। मगर अब लोग विरोध में आगे आ रहे हैं। एक नौजवान नशे के कारण इस गांव में मरा, तो उसके परिजनों ने गांव के एक परिवार पर नशीले पदार्थ बेचने का आरोप लगा कर अपने बेटे की मौत का जिम्मेदार ठहराया। नई बात यह थी कि यहां पंचायत जागी। उसने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी परिवार को गांव से निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। उनकी संपत्ति ढहाने के लिए दबाव बनाया साथ ही यह कह दिया कि अगर पुलिस और प्रशासन यह कार्रवाई नहीं करते, तो ग्रामीण खुद यह कदम उठाएंगे।

पंजाब में नशाखोरी के खिलाफ पिछले एक वर्ष से अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने छापे मार कर सैकड़ों तस्कर पकड़े हैं। इनमें से बहुत सारे आरोपियों को सजा भी दिलवाई है। हजारों किलो नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। मगर समस्या दूर नहीं हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में 2025 में नशाखोरी से चौदह लोगों की जान गई। यह हालत केवल पंजाब की ही नहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की भी है। लोगों ने घरों में अवैध शराब की भट्ठियां लगा रखी हैं।

ऐसे में अवैध शराब का धंधा खूब फल-फूल रहा है। पिछले दिनों पंजाब में यह आवाज उठती रही कि राज्य में अफीम की वैध खेती करने की इजाजत दे दी जाए। यह इजाजत नहीं दी गई, लेकिन अफीम और भुक्की (चूरा पोस्त) बड़े पैमाने पर पंजाब में बिकती है। चिट्टा खाकर नौजवान बर्बाद हो रहे हैं। यह एक प्रकार का सिंथेटिक नशा है। इसे गंभीरता से लेना होगा। मंचों पर भाषण देने से जन जागरण नहीं होगा।

पंजाब में नशाखोरी की समस्या बहुत भयावह हो गई है। इसलिए मानसा जिले के नंगल कलां में ही नहीं, अन्य जिलों में भी लोग अपने बच्चों को नशे के चंगुल में जाते देख कर आवाज उठाने लगे हैं। यह आंकड़ा भी सामने है कि पंजाब के करीब 4500 गांवों ने खुद को 'नशामुक्त' घोषित कर दिया है। इसका कारण यह है कि गांवों में पढ़े-लिखे लोगों के साथ पंचायतें भी सक्रिय हो रही हैं। बेहतर तो यही होगा कि जागरूक नागरिक नशीले पदार्थों का काला कारोबार होता देखें, तो उसके खिलाफ सामूहिक रूप से आवाज उठाएं और प्रशासन को सूचित करें। यह बात किताबी लगती है, लेकिन पंजाब में इसमें थोड़ी सफलता दिखी है। यह छोटी ही सही, लेकिन सार्थक आवाज होगी।

जब हम नए युग की कल्पना करते हैं, तो उसमें प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व के साथ नागरिकों को भी एकजुट होना चाहिए। यह समस्या चूंकि हर राज्य में गंभीर होती जा रही है, तो जरूरी है कि कहीं से आवाज उठे, कोई सार्थक पहल हो। गंभीरता से कार्रवाई हो, तो नशाखोरी खत्म होते देर नहीं लगेगी। इसके लिए दो बातें बहुत जरूरी हैं। एक तो प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिबद्धता तथा दूसरे जनसमूहों की ईमानदारी से पहल। ऐसा अभी तक संभव नहीं हुआ, लेकिन अगर कहीं भी जन-जागरण होता है, तो यह अपने आप में आशा की एक किरण है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में सफलता के नित-नए आयाम स्थापित करती 'भाजपा'

(दीपक कुमार त्यागी )

बहुत सारे लोगों का मानना है कि देश में आम लोगों को मोदी राज में विकास कार्यों का बड़ा सकारात्मक परिवर्तन धरातल पर नज़र आने लगा है। देश के विश्वस्तरीय नव निर्माण के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत तेज़ी से कार्य चल रहे हैं। मोदी सरकार एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है।भारत को एक समर्थ शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ राष्ट्र को प्रथम मानने का दावा करने वाले राजनेताओं के एक समूह ने वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन किया था। भाजपा का गठन नई दिल्ली के कोटला मैदान में 6 अप्रैल 1980 को आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में तत्कालीन दिग्गज नेताओं की उपस्थिति किया गया था। उस वक्त भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए थे, जो बाद में देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे थे।

भाजपा नेतृत्व व कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म संस्कृति परंपराओं को अपनाते हुए, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं लोकहित के विषयों पर कांग्रेस के प्रति मुखर रहते हुए उसको जनता की अदालत में घेरकर के भारतीय लोकतंत्र में अपनी एक अलग ही विशिष्ट पहचान बनाते हुए सशक्त भागीदारी दर्ज करते हुए देश की राजनीति को नए आयाम देने का कार्य किया है। जनता पार्टी की गठबंधन वाली सरकार के दौर के बाद से ही भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी आदि ने दिन-रात मेहनत करके भाजपा को अपने पैरों पर खड़ा होने लायक़ बनाया और भाजपा ने अपना पहला लोकसभा चुनाव वर्ष 1984 में लड़ा था, जिसमें उसने 2 सीटों पर जीती हासिल करके भाजपा ने खाता खोला था। उसके बाद भाजपा के नेता लालकृष्ण आडवाणी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया, जिसके चलते उस वक्त भाजपा की देश के कई राज्यों में सरकार बनी और भाजपा को कल्याण सिंह जैसा फॉयर ब्रांड राजनेता मिला था। शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत के दम पर ही वर्ष 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने का अवसर मिला था। जिसके बाद भाजपा ने अपनी जड़ें देश के अधिकांश हिस्सों में जमाने के लिए कार्य तेज़ी से करना शुरू किया था। अटल युग के बाद 10 वर्ष तक केन्द्र में विपक्ष में बैठने के लंबे वनवास के बाद वर्ष 2014 में प्रचंड बहुमत के साथ नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। भाजपा में यह नरेन्द्र मोदी व अमित शाह के युग जबरदस्त ढंग से प्रारंभ था। मोदी-शाह के इस दौर में भाजपा ने राजनीति के नित-नए कीर्तिमान स्थापित किए, अपने लोकप्रिय राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में लगभग 11 करोड़ सदस्य बनाकर के विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने का खिताब हासिल किया। वहीं मोदी-शाह की इस जोड़ी ने आज भी अपनी चाणक्य नीति व देश में विकास पर आधारित राजनीति की मजबूत नींव रखकर विपक्षी दलों की नींद उड़ानें का काम कर रखा है। आज देश में देश में दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, बिहार और आंध्र प्रदेश में भाजपा या एनडीए सरकार हैं। देशभर में भारतीय जनता पार्टी के पास लगभग सर्वाधिक 1654 विधायक हो गए हैं। भाजपा के पास लगभग 240 लोकसभा सांसद हैं, वहीं लगभग 106 राज्यसभा सांसद हैं। देश की राजनीति में मोदी-शाह की जोड़ी का जलवा कायम है, विपक्षी दल उनकी राजनीति की काट नहीं ढूंढ पा रहे हैं। जिसके चलते देश के हृदय गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान आदि राज्यों में भाजपा काबिज है, केन्द्र के साथ कई राज्यों में भाजपा लगातार सरकार बनाने में सफल हो रही है?।

बहुत सारे लोगों का मानना है कि देश में आम लोगों को मोदी राज में विकास कार्यों का बड़ा सकारात्मक परिवर्तन धरातल पर नज़र आने लगा है। देश के विश्वस्तरीय नव निर्माण के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत तेज़ी से कार्य चल रहे हैं। मोदी सरकार एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। वह भारत को 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मोदी भारत को विश्व के विभिन्न राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। देश में आज भाजपा एक ऐसे प्रमुख राष्ट्रवादी दल के रूप में उभर कर सामने आ रही है जिस दल का लक्ष्य देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना है। 26 मई, 2014 को नरेन्द्र मोदी ने जब से भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की है तब से ही मोदी सरकार ने अपनी अनेक योजनाओं के माध्यम से देश में नव निर्माण के एक नए युग की शुरुआत की है। आज मोदी सरकार की नीतियां आम जनमानस के बीच लोकप्रिय हैं, मोदी सरकार की योजनाएं अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। आम लोगों को आर्थिक और सामाजिक सुधार से परिपूर्ण सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रही हैं।

# अत्याचार से आश्रय तक-उप्र में बांग्लादेशी हिंदुओं की नई शुरुआत क्यों देती है बड़ा संदेश

(भावेश पाण्डेय)

**अगस्त 2024 से फरवरी 2026 तक बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की लगभग 3100 घटनाएं दर्ज की गई हैं। घर लूटे गए, मंदिर तोड़े गए, महिलाओं पर हमले हुए और कई निर्दोषों की जान चली गई। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं, बल्कि धार्मिक कट्टरता की निरंतर मुहिम है, जिसने बांग्लादेशी हिंदुओं को अपने ही देश में बेघर और असुरक्षित बना दिया है। इन्हीं अत्याचार की घटनाओं के बीच यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सीधे निर्देश पर बांग्लादेश से आए 331 विस्थापित हिंदू परिवारों को स्थायी रूप से बसाया गया है।**

यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सीधे निर्देश पर बांग्लादेश से आए 331 विस्थापित हिंदू परिवारों को स्थायी रूप से बसाया गया है।पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में हिंदुओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। वहां हिंदुओं पर होने वाले अत्याचार, उनके अधिकारों पर लगाई गई पाबंदियां और धार्मिक मान्यताओं पर लगातार प्रहार उन्हें नर्क की जिंदगी जीने को मजबूर कर देते हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक बदलाव के बाद स्थिति और बिगड़ गई है।

अगस्त 2024 से फरवरी 2026 तक बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की लगभग 3100 घटनाएं दर्ज की गई हैं। घर लूटे गए, मंदिर तोड़े गए, महिलाओं पर हमले हुए और कई निर्दोषों की जान चली गई। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं, बल्कि धार्मिक कट्टरता की निरंतर मुहिम है, जिसने बांग्लादेशी हिंदुओं को अपने ही देश में बेघर और असुरक्षित बना दिया है।

इन्हीं अत्याचार की घटनाओं के बीच यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सीधे निर्देश पर बांग्लादेश से आए 331 विस्थापित हिंदू परिवारों को स्थायी रूप से बसाया गया है।

हालांकि ये 331 परिवार हाल के वर्षों में नहीं आए हैं। ये परिवार 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से धार्मिक अत्याचार, दंगे और अस्थिरता से बचकर भारत आए थे। उस समय ये परिवार लखीमपुर खीरी समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बस गए थे। उनका प्रारंभिक पुनर्वास वर्षों पहले हो चुका था, लेकिन अब योगी सरकार ने उन्हें स्थायी बसावट, भूमि अधिकार और पूर्ण सम्मान प्रदान कर दिया है।

**लखीमपुर खीरी में पुनर्वास का विस्तार-** ये परिवार तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए हैं। धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवारों को बसाया गया है। मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट गांव में 41 परिवारों को जगह दी गई है। मोहम्मदी तहसील के मियांपुर गांव में सबसे अधिक 156 परिवार बसाए गए हैं। गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को बसाया गया है। कुल मिलाकर इन चार गांवों में 331 परिवारों का पुनर्वास किया गया है।

**स्थायी बसाव और सरकारी योजनाओं का लाभ-** ये परिवार वर्षों पहले अस्थायी रूप से बसाए गए थे, लेकिन अब योगी सरकार ने उन्हें स्थायी पुनर्वास प्रदान कर दिया है। हर परिवार को खेतीबाड़ी के लिए कृषि भूमि आवंटित की गई है। साथ ही, पात्रता के आधार पर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का




लाभ भी दिया जा रहा है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शामिल हैं।

**बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान-** इन परिवारों को बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। राशन वितरण, टीकाकरण, विकसित भारत जी-राम-जी के तहत रोजगार, स्कूलों में मिड-डे मील, समग्र शिक्षा योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से इन गांवों में सड़क, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह केवल राहत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ नई जिंदगी की शुरुआत है।

विस्थापित परिवारों की खुशी और आभार

नए पुनर्वास से इन परिवारों के चेहरे खिल उठे हैं। वे खुले मन से योगी सरकार का आभार जता रहे हैं। कई परिवारों का कहना है कि बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर जो जख्म उन्हें लगे थे, उन्हें योगी सरकार ने सुविधा, सुरक्षा और सम्मान देकर नर्क से बाहर निकाला है। दशकों तक अनिश्चितता और भय में जीने के बाद उन्हें अब अपना खेत, अपना घर और अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य नजर आ रहा है। योगी आदित्यनाथ की सभ्यतागत सोच

यह पहल योगी आदित्यनाथ की सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। उन्होंने बार-बार कहा है कि बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा करना और संकट के समय में उनका समर्थन करना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है। उनका प्रसिद्ध नारा 'बटेंगे तो कटेंगे' इसी एकता और सजगता का संदेश देता है। दुनिया में शायद ही कोई अन्य देश हो जो धार्मिक अत्याचार से पीड़ित हिंदुओं के लिए बांहें फैलाकर स्वागत के लिए तैयार हो। लखीमपुर खीरी का यह मॉडल उसी सभ्यतागत जिम्मेदारी का व्यावहारिक रूप है।

**भारत हर हिंदू का आश्रयस्थल-** बांग्लादेश में आज भी हिंदू परिवारों पर हमले जारी हैं, मंदिरों की तोड़फोड़ हो रही है और अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में योगी सरकार इन विस्थापितों को जमीन, योजनाओं और सम्मान देकर एक मजबूत संदेश दे रही है-भारत हिंदू पीड़ितों के लिए आश्रय स्थल है।भले ही आलोचक इसे राजनीतिक कदम कह सकते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन परिवारों को वोट बैंक नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक एकीकरण का आधार दिया जा रहा है। खेती की जमीन, ऋण सुविधा, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं-ये सब वे चीजें हैं जो बांग्लादेश में उन्हें व्यवस्थित रूप से छीनी गई थीं।

**भविष्य के लिए मिसाल-** लखीमपुर खीरी में बांग्लादेशी हिंदुओं का पुनर्वास केवल एक स्थानीय प्रशासनिक कार्य नहीं है। यह सभ्यतागत जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण है। यह याद दिलाता है कि हिंदू-बहुल भारत की पहचान के साथ-साथ अपने सभ्यतागत बंधुओं की रक्षा करना भी उसकी नैतिक जिम्मेदारी है।

जब तक योगी सरकार अवैध घुसपैठ पर सख्ती और सच्चे शरणार्थियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाएगी, तब तक पड़ोसी देशों से आने वाले पीड़ित हिंदुओं को उम्मीद बनी रहेगी। लखीमपुर खीरी के गांवों में अब जो परिवार अपने खेतों में काम कर रहे हैं, उनके लिए अत्याचार की लंबी रात खत्म हो चुकी है और सम्मानजनक भविष्य की सुबह शुरू हो गई है।लेखक इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अधिवक्ता हैं। राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों पर निरंतर लेखन करते हैं। इस लेख में लेखक के निजी विचार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेल महाप्रबंधक ने किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार रेल मंडल में बुधवार को रेल महाप्रबंधक का निरीक्षण कार्यक्रम बड़े ही सफल एवं प्रभावशाली तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान रेल महाप्रबंधक चैतन्य कुमार श्रीवास्तव ने अपने निरक्षण दल के साथ मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम निर्देश दिए। इस क्रम में रेल महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल में नव निर्मित अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी क्लिनिक के उद्घाटन की गई। वहीं इसके



अलावा रेलवे इंस्टीट्यूट, कम्युनिटी हॉल एवं स्टाफ कैंटीन का उद्घाटन किया गया, जबकि इसी क्रम में आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास भी किया गया। इसके बाद रेल महाप्रबंधक द्वारा कटिहार कोचिंग डिपो एवं कटिहार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। रेल महाप्रबंधक द्वारा अपने विशेष निरीक्षण ट्रेन के माध्यम से विभिन्न रेल खंडों, लेवल क्रॉसिंग, पुलों एवं स्टेशनों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर रेल महाप्रबंधक चैतन्य कुमार श्रीवास्तव ने मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कटिहार रेल मंडल ने सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट कार्य कर एक नई पहचान बनाई है। मौके पर रेल महाप्रबंधक चैतन्य कुमार श्रीवास्तव के साथ मुख्यालय और डीआरएम किरेंद्र नरह के साथ कटिहार रेल मंडल के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

### कटिहार रेल मंडल में विकास और महिला सशक्तिकरण की दिखी झलक

**कटिहार (नबिटासं)।** एनएफ रेलवे महिला समिति की अध्यक्षा सह जीएम मैडम शालिनी श्रीवास्तव ने कटिहार में कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी सुविधाओं का बुधवार को शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत कटिहार रेलवे अस्पताल में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।



जिसके बाद अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इसी क्रम में जीएम श्रीमति शालिनी श्रीवास्तव द्वारा कटिहार रेलमंडल में महिला कल्याण से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक मजबूती देने हेतु तैयार रेलवे महिला समिति के नवनिर्मित कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया। इसके बाद एनएफ रेलवे की अध्यक्ष सह जीएम मैडम शालिनी श्रीवास्तव ने महिला रेल समिति द्वारा संचालित सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6 मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं छोटे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर डीआरएम मैडम सह अध्यक्षा महिला रेल समिति निवेदिता नरह की अध्यक्षता में जीएम मैडम का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं प्रभावशाली रहा, जिसकी हर ओर काफी सराहना हुई। मौके पर मुख्यालय और मंडल की महिला रेल समिति सभी पदाधिकारी मौजूद थी।

### बारसोई जंक्शन पर सोलर ऊर्जा की पहल, 125 केवीपी रूफटॉप प्लांट का शुभारंभ

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** बारसोई जंक्शन पर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 125 केवीपी क्षमता का रूफटॉप ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इस परियोजना का निर्माण आक्सर इलेक्ट्रिकल प्राईवेट लिमिटेड द्वारा भारतीय रेलवे के नवीकरणीय ऊर्जा अभियान के तहत किया गया है।इस



अवसर पर रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में प्लांट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसएसई इलेक्ट्रिकल बारसोई राणा रोहित रितेश एवं जेई इलेक्ट्रिकल अविनाश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।सोलर प्लांट की स्थापना से बारसोई जंक्शन पर अब हर वर्ष लगभग 1.75 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे रेलवे को करीब ₹15.75 लाख की वार्षिक बचत होने की संभावना है। करीब ₹66 लाख की लागत से बने इस प्रोजेक्ट की रिकवरी अवधि लगभग 4 वर्ष बताई जा रही है, जबकि इसकी कुल आयु 25 वर्ष है।रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह पहल न केवल बिजली खर्च को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान देगी। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ह्लनेट जीरो कार्बन एमिशनह्व के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की परियोजनाएं क्षेत्र के विकास के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी लाभकारी साबित होंगी।

### वर्षा होने से मक्का व मखाना किसानों को लाभ

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में वर्षा होने से मक्का और मखाना किसानों को लाभ हुआ हैं। इससे पूर्व हुए तेज आंधी एवं वर्षा से मनसाही के हजारों किसानों के मक्का की फसल गिरकर बर्बाद हुई थी। वहीं फसल क्षति का किसानों को अभी तक मुवाबजा नहीं मिला हैं। वहीं बुधवार की शाम को हुई वर्षा होने से मक्का और मखाना किसानों को लाभ हुआ। वहीं सब्जी फसल को भी लाभ पहुंचा हैं।

### फुटानी चौक पर डेढ़ साल से छाया है अंधेरा, स्ट्रीट लाइट और कैमरा दोनों बंद

**बरारी /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लगी स्ट्रीट लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं। सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य गांवों और सड़कों को रोशन करना था। ताकि लोगों को रात में आवागमन में दिक्कत न हो और सुरक्षा बनी रहे, लेकिन कई जगहों पर यह योजना धरातल पर फेल होती दिख रही है। पश्चिमी बारीनगर पंचायत के वार्ड-14 स्थित फुटानी चौक इसका उदाहरण है। जहां पिछले डेढ़ साल से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। करीब तीन साल पहले यहां स्ट्रीट लाइट के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। लेकिन कैमरा आज तक सही से चालू नहीं हो पाया। अब स्थिति यह है कि लाइट और कैमरा दोनों खराब पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह काम उपमुखिया जमी अहमद की देखरेख में कराया गया था। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक न तो लाइट ठीक हुई और न ही कैमरा चालू कराया गया। इस दौरान फुटानी चौक के दुकानदार जावेद नूर, मो. नदीम, मो. तस्लीम, जाबिर हुसैन, मो. माजिद अली, नजरूल आलम, फैयाज आलम, सिंटू कुमार, शरीफ आलम, तूफानी ठाकुर और असलम ने विभागीय अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट और कैमरा को दुरुस्त कराया जाए।

### स्टेशन पर सुविधा मुहैया कराने को लेकर जीएम को सौंपा मांग पत्र

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** पूसी रेलवे के महाप्रबंधक के बारसोई जंक्शन स्टेशन पहुंचने पर भाजपा जिला मंत्री हरमेन्द्र कुमार यादव उर्फ पिंटू यादव ने स्वागत किया है।वहीं बारसोई जंक्शन रेलवे पर यात्रियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए स्टेशन पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने तथा यात्री हित में कई ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित कराने को लेकर उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा है।अपने पत्र में उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 03 एवं 04 पर यात्री सुविधा बढाने,जंक्शन के पूर्वी छोर पर हटाये गये फुट ओवर ब्रीज की जगह नया एफओबी बनवाने, प्लेटफार्म संख्या 02 पर एक प्रतीक्षालय बनवाने, जंक्शन से जनकल्याण गुमटी तक जर्जर सड़क का नवनिर्माण और चौड़ीकरण करवाने, अमृत भारत योजनानुसार जंक्शन का गुणवत्तापूर्ण उन्नयन कार्य तीव्र गति से कराने, प्लेटफार्म संख्या 01 और 02 के यात्री शेड का विस्तार करवाने के साथ 06 जोड़ी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

# विवाहिता ने गले में फंदा लगाकर की खुदकुशी

## दोनों ने ऑनलाइन प्यार के बाद कोर्ट मैरेज किया था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के केहुनियां पंचायत के वार्ड संख्या 10 सोनैलडीह गांव में बुधवार को अनवारा बीबी (35) ने गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली ।घटना की जानकारी मिलते ही प्राणपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा ।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया ।



मृतिका के पति मोहम्मद शकीम ने बताया कि बुधवार की सुबह घर के पिलर में फंदे से लटका हुआ पत्नी को देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्यार हुआ था। वह जम्मू कश्मीर की रहने वाली थी। इमो के माध्यम से बातचीत होता था। अचानक वह आजमगढ़ पहुंच गई। 2 वर्षों से लगातार आजमगढ़ में काम करता था। इसके पहुंचने के बाद इसको लेकर अपने घर सोनैलडीह आ गये। डेढ़ माह से घर पर खुशी राजी से रहते थे। बीते सोमवार को मृतिका के पूर्व पति जम्मू कश्मीर के दो पुलिस को लेकर घर पहुंचा। जम्मू कश्मीर के पुलिस ने पूछताछ के बाद हम दोनों को लेकर प्राणपुर थाना आया। पुलिस के सामने पूर्व पति महिला को लेकर जम्मू कश्मीर जाना चाहता था।किंतु महिला ने जाने से इंकार किया । जम्मू कश्मीर के पुलिस एवं प्राणपुर थानाध्यक्ष के सामने लिखित आवेदन देकर जाने से इनकार किया। पूर्व पति को तीन बार तलाक तलाक तलाक थाना में बोलकर नहीं जाने का संकल्प ली। आखिरकार पूर्व पति एवं जम्मू कश्मीर की पुलिस वापस चली गई। प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने महिला को खुशी राजी से रहने को कहते हुए घर भेजा। स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया कि मोहम्मद सकीम काम करने के लिए बाहर गया था। ऑनलाइन प्यार होने के बाद वह महिला को लेकर घर आया। घर के लोग महिला को देख हतप्रभ रह गए। लड़के के पिता काम करने दिल्ली गए हुए हैं जो घर अब तक नहीं आए हैं। लड़के द्वारा प्यार की बात सुनकर काफी दुखित थे। इतने में लड़का ने महिला को ले जाकर कोर्ट मैरिज भी किया। घर के सब लोग जानते थे कि महिला अपने पांच बच्चों को छोड़कर आई है।

# ऑनलाइन गेम के विवाद में चली गोली, युवक घायल

■ नकली गेम क्यों खेलते हो, चलो असली गेम खेलते हैं कहकर दोस्त ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या - 4 में संध्या करीब 7 बजे ऑनलाइन गेम के विवाद में एक युवक को गोली मार दिए जाने की घटना सामने आयी है। घायल की पहचान मो. आलम (19) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मो.आलम अपने दोस्त रजाउल



उर्फ राजा (26) के साथ पबजी व फ्री फायर गेम खेल रहा था। इसी दौरान गेम में रुपये के जीत-हार को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। घायल मो. आलम ने बताया कि विवाद के दौरान आरोपी राज ने उससे कहा कि यह नकली गेम क्यों खेलते हो, चलो असली गेम खेलते हैंह्व और इसी बात के तुरंत बाद उस पर गोली चला दी।गोली लगने से आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे तत्काल अनुमंडल अस्पताल बारसोई में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

बताया जाता है कि आरोपी राजा जो मो. आलम का दोस्त है। दिल्ली में रहता है और मंगलवार को ही घर आया था। घर लौटने के बाद ही दोनों के बीच गेम खेलने के दौरान विवाद हुआ और घटना घट गई। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार दलबल लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर घायल की स्थिति के बारे में जानकारी ली। तथा घायल मोहम्मद आलम से पूछताछ की। तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर हर बिंदु पर जांच कर रहे हैं। वही इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर नेहा चौधरी ने कहा कि घायल मोहम्मद आलम का प्राथमिक उपचार कर दी गई है गोली दाहिने पांव के घुटने से नीचे लगी है। एक्स-रे करने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की गोली अंदर में है या नहीं। अभी खतरे से बाहर है। बेहतर इलाज के लिए कटिहार रेफर किया गया है। इस संबंध में घायल युवक की मां सवेरा खातून ने बारसोई थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि घायल मोहम्मद आलम के मां के द्वारा बारसोई थाना में आवेदन दिए गए हैं। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। हर बिंदु पर कार्य हो रहे हैं। तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दी गई है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 10 घर जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)** । बरारी थाना क्षेत्र के बकिया सुखाय पंचायत स्थित यादव टोला में भीषण अग्निकांड में दस परिवारों के घर जलकर पूरी तरह राख हो गए।इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट के कारण एक भूसा घर में अचानक आग लग गई।देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया।इस अग्निकांड में संजय यादव, फिरोज



यादव, दिलीप यादव, संतोष यादव, अंतू यादव, जितेंद्र यादव सिंटू यादव, शिवानंद यादव तथा दिनेश मंडल समेत कुल दस परिवारों के घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए।

आग इतनी भयावह थी कि लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला और घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।पीड़ितों के अनुसार इस हादसे में करीब चार लाख रुपये नगद दस बकरियां तथा अनाज, कपड़ा, बर्तन सहित दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं जलकर राख हो गई हैं।घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।हालांकि तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था।

## हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)** । कदवा प्रखंड के बलिया बेलौन थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने पुलिस बल के जवान के साथ गश्ती के दौरान मंगलवार के रात में हरनाथपुर मोड़ के पास देशी कट्टा के साथ तीन अपराधियों को हिरासत में लिया।उन्होंने बताया कि पुलिस की गाड़ी देख कर तीनों अपराधी बाइक से भागने का प्रयास करने पर पीछा करते हुए पकड़ने के बाद तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा बरामद हुआ है। अवैध हथियार बरामद होने पर तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया। साथ ही अपाची बाइक जप्त की गयी है। उन्होंने बताया की यह अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था।

# तीन अभियुक्त एवं एक वारंटी भेजे गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** डंडखोरा पुलिस ने एक मामले के दो आरोपी तथा एक वारंटी को गिरफ्तार कर बुद्धवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया है कि हत्या का प्रयास करने को लेकर थाना में दर्ज कांड संख्या 44/ 26 के प्राथमिक अभियुक्त यासिर अंसारी (32) मकबूल अंसारी (48) दोनों पिता-स्व गफूर अंसारी सहरपुरा, गोविंद चौक, थाना-डंडखोरा, जिला कटिहार को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया।



उन्होंने बताया कि वहीं जीआर केस नंबर 1982/17 में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के वारंटी दिलीप परिहार, पिता दिनेश परिहार साकिन सौरिया, थाना डंडखोरा, जिला कटिहार को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासय में भेजा जा रहा है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अमलेन्दु सिंह, एसआई अरविन्द कुमार राय मौजूद रहे ।

# नम आंखों से वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा के वर्ग आठ पास कर चुके छात्र - छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों के आंखे नम होते रहे बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित करते हुए विदा किया गया।



इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कालेश्वर साह ने कहा कि विद्यालय सिर्फ इमारत नहीं,बल्कि उनके सपनों का दूसरा घर हैं। यहां बीते पल यादें बनकर हमेशा साथ रहता हैं,और आपकी मेहनत ही आपकी सफलता की सिढी बनेगी आप अपने जीवन में असफलता से ना डरे, क्योंकि हर चुनौती आपको बेहतर बनाती हैं। आप लोगों को अलविदा कहना मुश्किल हैं लेकिन यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेगी। हम लोगों ने सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं बल्कि जीवन जीने का हुनर भी सीखने का प्रयास किया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी श्वेता सुमन ने कहा कि अनुशासन और मूल्य सफल व्यक्ति बनने के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं, तुम लोग एक मूल्यवान और अच्छा इंसान बनना। विदाई समारोह के अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सियाराम यादव ने कहा कि विद्यालय की हंसी और दोस्तों के साथ की गई मस्ती यह यादें कभी फीकी नहीं पढ़नी चाहिए,तुम्हारी मुस्कुराहटे हमेशा याद आएगी तुम लोग जहां भी रहो अपनी पहचान बनाए रखना शिक्षा का यह अध्याय खत्म हो रहा हैं,लेकिन दोस्ती का अध्याय हमेशा चलता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में अमित कुमार, मनोज कुमार, सुषमा कुमारी, श्वेता सिंह, रवि कुमार, शुभांगी पारई, तारकेश्वर कुमार ऋषि के साथ विद्यालय के सभी छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

# सड़क हादसे में एक साथ बुझ गये तीन परिवारों के चिराग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के मनिहारी प्रखंड के मनोहरपुर पंचायत के बेलटोला निवासी राहुल कुमार पिता रमेश उरांव, निकेश कुमार पिता रामनारायण उरांव एवं राजीव कुमार पिता बसंत उरांव का मंगलवार के देर शाम को हुई सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक गरीब एवं मजदूर परिवार से थे और दूसरे प्रांतों में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।



घटना के बाद प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में उस समय माहौल गमगीन बन गया जब तीनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मनोहरपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार पीडित परिवार के साथ बने रहे। वे अंतिम संस्कार तक परिजनों के साथ खड़े रहे। मुखिया शबनम कुमारी यादव की ओर से तीनों परिवारों को सहयोग स्वरूप ₹10,000-₹10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई। ताकि इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल सके। साथ ही लोगों से अपील की गई कि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें। क्योंकि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा होता है।

# रेलवे महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार रेल मंडल में एनएफ रेलवे मालीगांव गुवाहाटी की ओर से जीएम चेतन श्रीवास्तव का उच्च स्तरीय निरीक्षण एवं विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन,शिलान्यास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंडल के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया। रेलवे अस्पताल एवं डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही रेलवे



इंस्टीट्यूट, कम्युनिटी हॉल एवं स्टाफ कैंटीन का उद्घाटन किया गया तथा क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास भी किया गया। जो खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

कटिहार कोचिंग डिपो एवं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसके पश्चात निरीक्षण विशेष ट्रेन द्वारा विभिन्न रेल खंडों, लेवल क्रॉसिंग, ब्रिज एवं स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया। यात्रा के दौरान संबंधित स्थानों पर आवश्यक सुधार एवं विकास कार्यों के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में गति परीक्षण भी किया गया। जिससे रेल संचालन की गुणवत्ता एवं सुरक्षा का आकलन किया गया। शाम में एनजेपी न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचने के बाद एसजीयूजे परिसर में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया तथा दिन का समापन क्लब इवनिंग कार्यक्रम के साथ हुआ।इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेल सेवाओं में सुधार, कर्मचारियों के कल्याण एवं यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाना रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान के अंतर्गत कटिहार विधानसभा क्षेत्र के कटिहार नगर पश्चिम,हसनगंज मंडल, कटिहार ग्रामीण मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, विधानसभा संयोजक धर्मनाथ तिवारी तिवारी शामिल हुए। पुष्पांजलि अर्पित एवं



दीप प्रज्वलित व वंदे मातरम के साथ प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज राय ने उद्घाटन सत्र में उपस्थित प्रशिक्षण वर्ग में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन की विचारधारा, कार्यशैली एवं सेवा भाव को सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की विचारधारा, राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना और अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा किया। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री व सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन की विचारधारा, कार्यशैली एवं सेवा भाव को सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलती है। उपस्थित सभी वक्ताओं ने विभिन्न विभिन्न सत्र में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में यह अभियान कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और संकल्प का संचार कर रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग में कटिहार नगर पश्चिम कटिहार ग्रामीण, हसनगंज मंडल के सभी पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री प्रकोष्ठ के संयोजक, मंडल कार्य समिति के सदस्य मंडल में रह रहे प्रदेश एवं जिला के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी एवं तीनों मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 2 हफ्ते रुकी लड़ाई, 13000 महंगी हुई चांदी

# सोना भी 3600 से ज्यादा उछला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले दो हफ्तों के लिए टालने का ऐलान किया है। इस फैसले के बाद सोने की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 6 प्रतिशत या 13,000 रुपये से अधिक बढ़कर 2,44,770 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि एमसीएक्स पर सोने की कीमत 2.4 प्रतिशत या 3600 रुपये से अधिक बढ़कर 1,53,944 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इंटरनेशनल मार्केट में भी स्पॉट गोल्ड 2.3 प्रतिशत चढ़कर 4,811.66 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया, जबकि अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 3.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,840 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर बंद हुए। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह तेजी फिलहाल 'रिलीफ रैली' है। ब्लूमबर्ग ने एक्सपर्ट ताई वोंग के हवाले से बताया है कि सोने के लिए 4,930 डॉलर और 5,000 डॉलर के स्तर अहम रेजिस्टेंस बने रहेंगे। हालांकि, आगे की चाल इस बात पर निर्भर करेगी कि ईरान इस युद्धविराम का पालन करता है या नहीं। पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का रास्ता खुलता दिख रहा है। खबरों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में बातचीत शुरू हो सकती है। हालांकि, ईरान ने साफ किया है कि बातचीत का मतलब यह नहीं है कि तनाव पूरी तरह खत्म हो गया है। चांदी और अन्य धातुओं में भी तेजी सोने के साथ-साथ अन्य कीमती धातुओं में भी उछाल देखने को मिला। स्पॉट सिल्वर 4.3 प्रतिशत बढ़कर 76.08 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई। प्लैटिनम 2.4 प्रतिशत चढ़ा, जबकि पैलेडियम में 2.1 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। राहत के संकेत, लेकिन अनिश्चितता बरकरार ट्रंप के फैसले से फिलहाल बाजार को राहत जरूर मिली है, लेकिन भू-राजनीतिक तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। आगे भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, क्योंकि बाजार अब अमेरिका-ईरान वार्ता और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर नजर रखे हुए है।

### सोने के लिए ऊर्जा कीमतें और महंगाई बनी बड़ी चिंता


ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव अब भी बाजार के लिए बड़ा जोखिम बना हुआ है। अगर तेल की कीमतें फिर बढ़ती हैं, तो इससे वैश्विक महंगाई बढ़ सकती है और केंद्रीय बैंकों के लिए ब्याज दरों पर फैसला लेना मुश्किल हो जाएगा।

# एक झटके में 1100 करोड़ रुपये बढ़ गई रेखा झुनझुनवाला की दौलत

## टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाइटन के शेयरों में तूफानी तेजी आई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाइटन के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। टाइटन के शेयर बुधवार को बीएसइ में 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 4470 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। टाइटन के शेयरों में यह तेज उछाल मार्च 2026 तिमाही के मजबूत बिजनेस अपडेट के बाद आया है। टाइटन के शेयरों में आई इस तेजी से दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला की दौलत एक झटके में 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। शेयर मार्केट के 'बिग बुल' कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला का भी टाइटन फेवरिट स्टॉक रहा है।

दिग्गज इनवेस्टर रेखा झुनझुनवाला का टाइटन पर बड़ा दांव है। रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के 47,184,470 शेयर हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी में झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 5.31 पर्सेंट है। टाइटन के शेयर



मंगलवार को 4230.70 रुपये पर बंद हुए थे। वहीं, कंपनी के शेयर बुधवार को 4470 रुपये पर जा पहुंचे हैं। यानी, बुधवार को कंपनी के शेयरों में 239.30 रुपये का उछाल आया है। इस तूफानी तेजी से रेखा झुनझुनवाला की नेटवर्थ एक झटके में 1129 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रेखा झुनझुनवाला, दिग्गज निवेशक रहे राकेश झुनझुनवाला की पत्नी हैं। राकेश झुनझुनवाला का 14 अगस्त 2022 को निधन हो गया था।

टाइटन कंपनी का घरेलू ज्वैलरी सेगमेंट मार्च 2026 तिमाही में करीब 46 पर्सेंट बढ़ा है। तनिष्क ने भारत में 8 नए स्टोर्स जोड़े हैं। टाइटन का कंबाइंड रिटेल नेटवर्क 3603 स्टोर्स पहुंच गया है। कैरेटलेन में 24 पर्सेंट की ग्रोथ देखने को मिली है। वहीं, वॉचेज, आईकेयर और इमर्जिंग बिजनेस में क्रमशः 7 पर्सेंट, 16 पर्सेंट और 17 पर्सेंट की ग्रोथ देखने को मिली है। हालांकि, टाइटन की स्मार्ट वॉच कैटेगरी में 53 पर्सेंट की गिरावट आई है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले टाइटन का कंसॉलिडेटेड कंज्यूमर रेवेन्यू 46 पर्सेंट बढ़ा है। ब्रोकरेज फर्म सिटी ने टाइटन के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी है और कंपनी के शेयरों के लिए 4750 रुपये का टारगेट दिया है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

# एलआईसी के लाखों निवेशकों की चांदी, बोनस शेयर बांटने की तैयारी में बीमा कंपनी

## अभी आईपीओ प्राइस से नीचे चल रहे हैं शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के शेयरों में बुधवार को जबरदस्त तेजी आई है। एलआईसी के शेयर बुधवार को 7 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 803 रुपये पर पहुंच गए हैं। एलआईसी ने अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है। बीमा कंपनी अपने निवेशकों को बोनस शेयर बांटने की तैयारी में है। एलआईसी के शेयर फिलहाल अपने प्राइस से नीचे कारोबार कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 980.05 रुपये है। वहीं, एलआईसी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 722 रुपये है।

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि सोमवार 13 अप्रैल को कंपनी के बोर्ड की बैठक है। इस मीटिंग में कंपनी के शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार किया



जाएगा। अभी तक अपने शेयरधारकों को कोई बोनस शेयर नहीं दिया है। अगर कंपनी का बोर्ड बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी देता है तो यह पहला मौका होगा, जब अपने निवेशकों को बोनस शेयर देगी। एलआईसी अब तक अपने शेयरधारकों को डिविडेंड्स के जरिए रिवॉर्ड देती आई है। करीब 21 लाख आम निवेशकों को मिल सकता है तोहफा लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 96.50 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 3.50 पर्सेंट है। अगर 2 लाख रुपये तक की नॉमिनल शेयर कैपिटल होल्ड करने वाले आम निवेशकों की बात करें तो उनकी संख्या फिलहाल 20,97,116 है। कंपनी में आम निवेशकों की हिस्सेदारी 1.52 पर्सेंट है। अगर टोटल पब्लिक शेयरहोल्डर्स की बात करें तो इनकी संख्या 21,55,209 है। अगर पिछले एक साल की बात करें तो एलआईसी के शेयर करीब 3 पर्सेंट चढ़े हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में 10 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर लगभग फ्लैट हैं। यह 9 मई तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 949 रुपये था। एलआईसी के शेयर 8 अप्रैल 2026 को क्रस्थ में 803 रुपये पर पहुंच गए हैं। एलआईसी के शेयर अभी अपने आईपीओ प्राइस से भी नीचे ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी का आईपीओ टोटल 2.95 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 1.99 गुना दांव लगा था, जबकि एंप्लॉयीज का कोटा 4.4 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### शेयर मार्केट में रणबीर की फिल्म रामायण का असर! प्राइम फोकस ने दिया 320 प्रतिशत का रिटर्न, अभी भी दांव लगाने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 'रामायण' फिल्म को लेकर बढ़ते क्रेज ने प्राइम फोकस के शेयरों को जबरदस्त उछाल दिया है, जिससे यह स्टॉक एक साल में करीब 320 प्रतिशत चढ़ गया। हालांकि लंबी अवधि में ग्रोथ की उम्मीद है, लेकिन इतनी तेज रैली के बाद निवेशकों को सतर्क रहकर फैसला लेना चाहिए। बॉलीवुड की मेगा बजट फिल्म रामायण इन दिनों सिर्फ सिनेमाघरों में ही नहीं, बल्कि शेयर बाजार में भी जबरदस्त हलचल मचा रही है। इस फिल्म से जुड़े उत्साह का सीधा फायदा प्राइम फोकस के शेयरों को मिला है, जिसमें रणबीर कपूर का भी निवेश है। पिछले एक साल में इस स्मॉलकैप स्टॉक ने करीब 320 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी दिखाई है, जिसने निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। प्राइम फोकस लिमिटेड के शेयर 7 अप्रैल 2026 को 3 प्रतिशत टूटकर 339 पर पहुंच गए। दरअसल, अप्रैल 2025 में जहां यह शेयर करीब 85 रुपये के आसपास था, वहीं अब यह 350 रुपये से ऊपर पहुंच चुका है और हाल ही में 52 हफ्ते का हाई भी छू चुका है। इस तेजी की सबसे बड़ी वजह 'रामायण' फिल्म को लेकर बनी उम्मीदें हैं। यह फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली 2027 में आएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी सीता और यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। प्राइम फोकस की पहचान इसके शानदार विजुअल इफेक्ट्स और प्रोडक्शन क्वॉलिटी के लिए है। इसकी सहायक कंपनी छ्हश्वत्र ने हॉलीवुड की बड़ी फिल्मों जैसे टेनेट और ड्यून पार्ट वन में काम कर ऑस्कर भी जीते हैं। यही वजह है कि 'रामायण' को लेकर बाजार में काफी भरोसा दिख रहा है। डिजिटल राइट्स के लिए करीब 700 करोड़ रुपये का ऑफर ठुकरा दिया।

# ईपीएफओ और ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी


**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो अप्रैल 2026 से आपकी सैलरी स्लिप में बड़ा बदलाव दिख सकता है। सरकार द्वारा लागू किए गए नए लेबर रूल्स के तहत अब सैलरी स्ट्रक्चर को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इन बदलावों का सबसे अहम हिस्सा 50 प्रतिशत वेज रूल है, जिसका सीधा असर आपकी टेक-होम सैलरी, और ग्रेच्युटी पर पड़ेगा। आइए इसको जरा विस्तार से समझते हैं। नए नियमों के अनुसार, किसी भी कर्मचारी की कुल सैलरी में बेसिक सैलरी, डीए और रिटेनिंग अलाउंस मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत होना जरूरी है। पहले कई कंपनियां बेसिक सैलरी को कम रखकर बोनस और अन्य अलाउंस ज्यादा दिखाती थीं, जिससे कर्मचारियों की इन-हैंड सैलरी ज्यादा नजर आती थी। लेकिन, अब ऐसा करना संभव नहीं होगा। अगर अलाउंस 50 प्रतिशत से ज्यादा होते हैं, तो अतिरिक्त हिस्सा बेसिक सैलरी में जोड़ दिया जाएगा।



इस बदलाव का सबसे बड़ा असर पड़ेगा, क्योंकि कैलकुलेशन बेसिक सैलरी पर होता है, इसलिए बेसिक बढ़ने से में कर्मचारी और कंपनी दोनों का योगदान बढ़ जाएगा। सैलरी से ज्यादा कटौती होगी और आपका टेक-होम सैलरी थोड़ा कम हो सकता है। हालांकि, यह पैसा आपकी भविष्य की बचत को मजबूत करेगा। ग्रेच्युटी के नियमों में भी बड़ा बदलाव आया है। अब फिक्स्ड-टर्म और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को सिर्फ 1 साल की नौकरी के बाद भी ग्रेच्युटी का लाभ मिल सकेगा।

## क्रूड ऑयल के गिरते ही रॉकेट बने आरआईएल, एचपीसीएल समेत कई स्टॉक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट ने भारतीय ऑयल कंपनियों के शेयरों में बड़ा उतार-चढ़ाव पैदा कर दिया है। हाल ही में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में करीब 15-17 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। इसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार में ऑयल सेक्टर पर पड़ा, जहां कुछ कंपनियों के शेयर उछल गए तो कुछ में गिरावट देखने को मिली। आइए इसको जरा विस्तार से समझते हैं। तेल की कीमतों में गिरावट का सबसे ज्यादा फायदा डाउनस्ट्रीम कंपनियों को हुआ। इन कंपनियों का काम कच्चे तेल को रिफाइन करके पेट्रोल-डीजल बनाना होता है। जब कच्चा तेल सस्ता होता है, तो इनकी लागत घटती है और मुनाफा बढ़ता है। यही वजह है कि इनके शेयरों में 6 प्रतिशत से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। वहीं रिलायंस के शेयरों में भी बढ़त दर्ज हुई, क्योंकि इसका रिफाइनिंग बिजनेस भी इस ट्रेंड से फायदा उठाता है।



दूसरी ओर अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए यह गिरावट नुकसानदायक साबित हुई। ऑयल और नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के शेयर 8 अप्रैल 2026 को 3.43 प्रतिशत तक गिर गए। ये कंपनियां सीधे कच्चे तेल का उत्पादन करती हैं, इसलिए तेल की कीमत गिरने से उनकी कमाई पर असर पड़ता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कच्चे तेल में हर 1 डॉलर की गिरावट से के राजस्व पर 300-400 करोड़ रुपये का असर पड़ सकता है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोज है, जो दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल सप्लाई का प्रमुख मार्ग है। इस क्षेत्र में तनाव कम होने से सप्लाई को लेकर डर घटा और कीमतें तेजी से नीचे आ गईं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतें अभी भी अस्थिर रह सकती हैं। अगर मिडिल ईस्ट में फिर से तनाव बढ़ता है, तो कीमतें दोबारा उछल सकती हैं। कुछ ब्रोकरेज फर्म्स का अनुमान है कि आने वाले समय में कच्चा तेल 85-90 डॉलर प्रति बैरल के बीच हो सकता है।

# रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, ईएमआई कम होने का अभी करें इंतजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसलों का ऐलान गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कर दिया है। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। कमेटी ने यह फैसला सर्वसम्मति से लिया है।इसका मतलब है कि होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन सस्ता होने के लिए अभी और इंतजार करना है। या ईएमआई भी कम होने नहीं होगी।

आरबीआई गवर्नर ने जीडीपी पर क्या कहा

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण बढ़ी अनिश्चितता का असर इकोनॉमिक आउटलुक पर पड़ रहा है। हेडलाइन मुद्रास्फीति नियंत्रित है और केंद्रीय बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। इस साल के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.9 पर्सेंट है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया जीडीपी ग्रोथ पहली तिमाही में 6.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का कहना है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति अभी स्थिति पर नजर रखेगी। अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहीं और महंगाई



बढ़ी, तो आने वाले समय में ब्याज दर बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल रिजर्व बैंक महंगाई और आर्थिक वृद्धि दोनों को संतुलित रखने की कोशिश करेगा।

अपूर्व जावड़ेकर (मुथूट फिनकॉर्प की मुख्य अर्थशास्त्री) के अनुसार, आरबीआई जीडीपी वृद्धि में संभावित गिरावट और वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है। उनके मुताबिक, फरवरी 2026 में महंगाई दर 3.21 प्रतिशत (कम) है, इसलिए आरबीआई के पास 'वेट एंड वॉच' वाली रणनीति अपनाने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, 'रेट में ठहराव से भारत में वास्तविक ब्याज दरें गिरेंगी, जो फिलहाल ऊंची हैं। इससे पूंजीगत व्यय और खपत को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, आरबीआई रुपये को स्थिर करने के लिए रेपो रेट बढ़ाने का उपकरण इस्तेमाल नहीं करेगा।'

वहीं, यस बैंक ने अपनी रिपोर्ट 'इकोलॉग' में कहा है कि ब्याज दरों में कटौती का दौर खत्म हो चुका है। वजह यह है कि महंगाई बढ़ रही है, रुपये पर दबाव है और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सतर्क हो गए हैं। हालांकि, बैंक का कहना है कि फिलहाल रेट बढ़ोतरी भी तुरंत नहीं होगी, क्योंकि भारत कम महंगाई-उच्च वृद्धि वाली अच्छी स्थिति से इस संकट में प्रवेश कर रहा है। उनका अनुमान है कि सबसे खराब स्थिति में भी महंगाई 4.5-4.8 प्रतिशत रहेगी।

### आरबीआई एमपीसी: कहां और कैसे देखें

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्वि-मासिक बैठक इस महीने 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक चलेगी। नीति का फैसला बुधवार, 8 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे घोषित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:00 बजे गवर्नर संजय मल्होत्रा प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। गवर्नर संजय मल्होत्रा का एमपीसी बयान आरबीआई के यूट्यूब चैनल पर 8 अप्रैल 2026 को सुबह 10:00 बजे लाइव प्रसारित किया जाएगा। आप उसी प्लेटफॉर्म पर उनका मीडिया संबोधन भी देख सकते हैं।

# स्टॉक पिक्स: इन्फोसिस, गेल समेत 6 शेयरों में रह सकती है बड़ी हलचल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में आज तूफानी तेजी की उम्मीदों के बीच निवेशकों की नजरें इन्फोसिस, गेल, अरबिंदो फार्मा, अदित्य बिड़ला रियल एस्टेट, प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स, क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी, जैसे शेयरों पर होंगी। ये स्टॉक अपने विभिन्न अपडेट्स के कारण आज खबरों में हैं।

शेयर मार्केट में आज तूफानी तेजी की उम्मीदों के बीच निवेशकों की नजरें इन्फोसिस, गेल, अरबिंदो फार्मा, अदित्य बिड़ला रियल एस्टेट, क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी, प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स जैसे शेयरों पर होंगी। एआई से सॉफ्टवेयर डिलीवरी में क्रांति



इन्फोसिस ने हार्नेस नामक एआई सॉफ्टवेयर डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य दुनियाभर की कंपनियों में एजेंटिक एआई के जरिए सॉफ्टवेयर डिलीवरी को बदलना है। यह साझेदारी इंजीनियरिंग टीमों की उन समस्याओं को हल करेगी, जहां उनका अधिकतर समय टेस्टिंग, डिप्लॉयमेंट जैसे कामों में लग जाता है।

सरकारी कंपनी गेल ने ग्रीस की अल्फा गैस के साथ लंबी अवधिक का चार्टर समझौता किया है। यह समझौता 'एनर्जी फिडेलिटी' नाम के एलएनजी जहाज के लिए है, जिसकी क्षमता 1,74,000 घन मीटर है। इस जहाज का उपयोग अमेरिका और रूस जैसे देशों से एलएनजी आयात करने के लिए किया जाएगा। यह करार एथेंस में साइन किया गया। अरबिंदो फार्मा को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से डापाग्लिफ्लोज़िन और मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की एक्सटेंडेड-रिलीज टैबलेट बनाने और बेचने की अंतिम मंजूरी मिल गई है। ये टैबलेट एस्ट्राजेनेका की दवा 'जिग्डुओ एक्सआर' के समान हैं। इनका उत्पादन कंपनी की सहायक कंपनी हेल्थकेयर की यूनिट में होगा।

**अदित्य बिड़ला रियल एस्टेट:1600 करोड़ की बुकिंग:** कंपनी की सहायक कंपनी बिरला एस्टेट्स को गुरुग्राम के लक्जरी प्रोजेक्ट 'बिरला अरिका फेज 2' में जबरदस्त सफलता मिली है। लॉन्च के एक महीने के भीतर ही 1,600 करोड़ रुपये से अधिक की बुकिंग हो चुकी है। कुल 156 यूनिट में से 152 यूनिट बिक चुकी हैं।

## ट्रंप के सीजफायर के ऐलान से कच्चे तेल में भारी गिरावट, 100 डॉलर के नीचे आया भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के सीजफायर पर सहमति बनने के बाद ग्लोबल ऑयल मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस समझौते के तहत स्ट्रेट ऑफ होर्मूज को फिर से खोलने की उम्मीद है, जिससे सप्लाई में रुकावटें कम होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसी उम्मीद में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से फिसलकर 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गई हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक तेल कीमतों में आई गिरावट बेहद तेज रही। ब्रेंट क्रूड करीब 16 प्रतिशत तक टूटकर 92 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट में पिछले छह वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई और यह करीब 95 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। ट्रंप ने कहा कि यह सीजफायर पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलता है या नहीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा पेश की गई युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया गया है। अगले दो हफ्तों तक सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, व्हाइट हाउस के अधिकारियों के मुताबिक इजरायल ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है, जिससे वैश्विक बाजारों को राहत मिली है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल और रुव्रत्र का करीब 20 प्रतिशत गुजरता है। इसके बंद होने से ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल मच गई थी।हालांकि, कीमतों में गिरावट के बावजूद फरवरी के बाद से अब भी करीब 50 प्रतिशत ऊपर बना हुआ है, जो यह दिखाता है कि संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। एक्सपर्ट रॉबर्ट रेनी के अनुसार, 'तेल सप्लाई तुरंत सामान्य नहीं होगी। बंद कुओं को फिर से शुरू करने, जहाजों की तैनाती और स्टॉक भरने में महीनों लग सकते हैं।'



# सारा अर्जुन को कैसे मिला रणवीर के अपोजिट किरदार

## किरदार के लिए थे 1200 दावेदार

फिल्म 'धुरंधर' में हर किरदार ने दर्शकों पर अपना असर छोड़ा है। इस फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आए हैं, वहीं उनके अपोजिट सारा अर्जुन दिखी हैं। सारा अर्जुन ने यलीना का रोल निभाया है। यलीना की भूमिका के लिए 1200 दावेदार थे। मगर, यह रोल सारा की झोली में आया। फिल्म 'धुरंधर' के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने हाल ही में इसका जिक्र किया। फ्रेश चेहरे को तवज्जो देना चाहते थे छाबड़ा मुकेश छाबड़ा ने बताया कि रणवीर सिंह के किरदार हमजा के अपोजिट यलीना का रोल पाने के लिए कई एक्टर्स ने कोशिश की थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में मुकेश छाबड़ा ने बताया कि उन्हें और आदित्य धर दोनों को ही उन एक्टर्स से ढेरों रिक्वेस्ट मिल रही थीं, जो इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बेताब थे। हालांकि, टीम एक बात को लेकर बिल्कुल साफ थी। कलाकार ऐसा हो, जो वाकई 'धुरंधर' की दुनिया का हिस्सा लगे, जिसकी पहले से कोई बनी-बनाई इमेज न हो। मुकेश छाबड़ा और आदित्य धर को आ रहे थे लगातार मैसेज मुकेश छाबड़ा ने कहा, 'बहुत से लोग आदित्य को भी मैसेज कर रहे थे और कह रहे थे कि वे रणवीर के अपोजिट कास्ट होना चाहती हैं। मुझे भी मैसेज मिल रहे थे। लेकिन मैंने आदित्य से बहुत साफतौर पर कहा कि हमें एक ऐसे चेहरे की जरूरत है जो सचमुच उस जगह का लगे, जिसके साथ कोई पुराना बैगेज न जुड़ा हो। इसलिए एक नया चेहरा ज्यादा बेहतर रहेगा, क्योंकि अगर कोई ऐसा एक्टर हो जिसने रणवीर के साथ पहले दो फिल्में की हों, तो वह कनेक्शन नहीं बन पाएगा, क्योंकि फिल्म में रणवीर का किरदार पाकिस्तान जाकर उस लड़की से मिलता है'।

### हजार से ज्यादा एक्ट्रेस ने दिए ऑडिशन

दिलचस्प बात यह है कि बचपन में एक्टिंग करने के बावजूद सारा अर्जुन ने अभी तक बॉलीवुड में कोई पूरी तरह से लीड रोल नहीं किया था। यह बात उनके पक्ष में रही। फिल्म बनाने वाले एक ऐसे चेहरे को पेश करने के इच्छुक थे, जो दर्शकों को बिल्कुल नया और अनजान लगे। उन्होंने आगे कहा, 'हमारा यह साफ मानना था कि अगर हम उस दुनिया में कदम रख रहे हैं, तो यह एक पूरी तरह से चौंकाने वाला अनुभव होना चाहिए। लोग यह सोचने पर मजबूर हो जाएं कि यह लड़की कौन है? हमने बहुत सारे ऑडिशन लिए, कुल मिलाकर लगभग बारह सौ से तेरह सौ के करीब। फिर, आखिरकार हमने सारा का ऑडिशन लिया।



## हाई एक्शन एंटरटेनर फिल्म में नजर आएंगे

# टाइगर श्रॉफ और सुनील शेट्टी

बॉलीवुड के एक्शन हीरो और दिग्गज अभिनेता एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर फिल्म में नजर आएंगे, जिसे लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है।

### पहली बार साथ आएंगे टाइगर और सुनील

वैरायटी इंडिया के मुताबिक पहली बार टाइगर श्रॉफ और सुनील शेट्टी नई हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर फिल्म में नजर आएंगे। दोनों अपने-अपने अंदाज के लिए जाने जाते हैं। टाइगर जहां अपनी फिटनेस और स्टाइलिश एक्शन के लिए मशहूर हैं, वहीं सुनील शेट्टी अपने दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और रफ-टफ इमेज के लिए पसंद किए जाते हैं। इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाता है इसका एक इमोशनल कनेक्शन। सुनील शेट्टी पहले टाइगर श्रॉफ के पिता जैकी श्रॉफ के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। अब वह उनके बेटे के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे, जो फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार मेकर्स इसे बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी में हैं, ताकि दर्शकों को एक शानदार सिनेमैटिक अनुभव मिल सके। फिल्म को एक फुल-ऑन एक्शन एंटरटेनर बताया जा रहा है, जिसमें जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस, स्टाइलिश फाइट्स और मसाला एंटरटेनमेंट का तड़का देखने को मिलेगा। कहानी को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। अब फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि पहली बार यह जोड़ी बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाली है और उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म एक्शन लवर्स के लिए खास साबित होगी।



# एकता ने बताई 'भूत बंगला' के टलने की असली वजह

अक्षय कुमार 14 वर्षों के बाद मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं। आज इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में वामिका गब्बी, राजपाल यादव, असरानी और तब्बू जैसे कलाकार भी हैं। 'भूत बंगला' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन मेकर्स ने फिल्म को पोस्टपोन करने का फैसला किया। अब यह 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस बीच 'भूत बंगला' की निर्माता एकता कपूर ने फिल्म के पोस्टपोन होने की असली वजह बताई है। 'भूत बंगला' की रिलीज की तारीख आगे बढ़ाने पर एकता कपूर ने मीडिया से कहा कि फिल्म इसलिए लेट नहीं हुई क्योंकि थिएटर में 'धुरंधर 2' चल रही थी। मैं 10 अप्रैल को भी 'भूत बंगला' के लिए अच्छी स्क्रीन और शो-टाइम हासिल कर सकती थी। वैसे भी आजकल फिल्में आम तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। अगर 'धुरंधर: द रिवेंज' अच्छा कर रही है, तो अच्छी बात है। हम उसके साथ किसी जंग में नहीं हैं! हमने सोचा कि हमें थिएटर में आने से पहले उसे अपना करीब 85 परसेंट रन पूरा करने देना चाहिए।' इससे पहले 'भूत बंगला' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज टलने को लेकर कहा था 'धुरंधर: द रिवेंज का जबरदस्त प्रदर्शन हमारी फिल्म इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर है। प्रदर्शकों को लगता है कि 'भूत बंगला' की रिलीज टालने से दोनों फिल्मों को वह जगह, फोकस और अटेंशन मिल पाएगी, जिसकी वे हकदार हैं।'





# क्या एक्शन और कॉमेडी फिल्में बनाकर पछता रहे हैं रोहित

निर्देशक रोहित शेट्टी ने 'सिंघम' फ्रेंचाईजी, 'सूर्यवंशी' और 'सिंबा' जैसी एक्शन फिल्में बनाई हैं, जो दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई हैं। इसके अलावा उन्होंने 'गोलमाल' सीरीज, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'बोल बच्चन' जैसी कॉमेडी फिल्मों की सौगात भी दी है। मगर, रोहित शेट्टी का कहना है कि एक्शन और कॉमेडी फिल्में बनाने के बाद उनकी लाइफ में ही एक्शन और कॉमेडी आ गई है।

### जिंदगी में एक्शन और कॉमेडी चल रही

रोहित शेट्टी ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी एक फोटो साझा की है, जिसमें वे ब्लैक टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। काला चश्मा लगाए रोहित पोज दे रहे हैं। उनके कैप्शन ने ध्यान खींचा है। निर्देशक ने लिखा है, 'इतने साल एक्शन और कॉमेडी फिल्में बनाने में बिताए। अब साला जिंदगी में ही एक्शन और कॉमेडी चल रही है'। रोहित शेट्टी के इस पोस्ट पर नेटिजंस के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ यूजर्स उन्हें सुझाव दे रहे हैं तो कुछ सवाल कर रहे हैं। अधिकांश नेटिजंस की दिलचस्पी यह जानने में है कि 'खतरों के खिलाड़ी' का अगला सीजन कब आएगा? एक यूजर ने लिखा, 'जिंदगी का मतलब ही एक्शन और ड्रामा है। इसलिए आप 'सिंबा' बनो। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'गोलमाल 5' से सब बदल जाएगा। एक यूजर ने लिखा, 'चिंता मत करिए, धांसू कमबैक होने वाला है'।

# रजनीकांत ने पूरी की 'जेलर 2' की शूटिंग; अगस्त में शुरू करेंगे अगली फिल्म

रजनीकांत की 'जेलर 2' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म में इस बार कई कलाकार नजर आएंगे। अभिनेता ने अब फिल्म की आगे की जानकारी फैंस के साथ साझा कर दी है। साथ ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर भी अपडेट साझा की। दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने हाल ही में मीडिया से हुई बातचीत में फिल्म के बारे में चर्चा की। उनकी बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'जेलर 2' की शूटिंग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अब फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है। इसका काम पूरा होते ही टीम फिल्म की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा करेगी।



# पृथ्वीराज ने पूरी की 'वाराणसी' की शूटिंग

अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग का एक अहम शेड्यूल पूरा कर लिया है। अभिनेता ने जमकर पेट भरकर खाने का लुत्फ उठाया और फिल्म की रिलीज की उलटी गिनती शुरू होने की घोषणा की। अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग पूरी होने की खुशखबरी दी है। शूटिंग खत्म होने के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज के लिए एक साल की उलटी गिनती भी शुरू कर दी है। पृथ्वीराज ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सेट से एक चीट मील की तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ अभिनेता ने लिखा, 'बहुत मेहनत वाले शेड्यूल का आखिरकार अंत हो गया। चीट मील का पूरा मजा लिया।' इसके साथ ही पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म के निर्माता केएल नारायण को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट भी बताई। पृथ्वीराज ने लिखा, '7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में मिलते हैं।' फिल्म 'वाराणसी' में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक तेलुगु एडवेंचर ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन एसएस राजामौली ने किया है। फिल्म का बजट 1300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म में महेश बाबू रुद्र और भगवान राम के दोहरे रोल में दिखेंगे। प्रियंका चोपड़ा मंदाकिनी और पृथ्वीराज सुकुमारन कुंभ के रोल में नजर आएंगे।








# 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद क्या रणवीर सिंह के साथ फिर हाथ मिलाएंगे आदित्य धर?

**आदित्य धर के सितारे इस वक्त बुलंदी पर है। उन्होंने बैक टू बैक दो ब्लॉकबस्टर फिल्में- 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' दी हैं। अब दर्शकों की उत्सुकता यह जानने में है कि वे आगे क्या बनाने जा रहे हैं? निर्देशक आदित्य धर कथित तौर पर अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए तीन बिल्कुल अलग-अलग जॉनर पर विचार कर रहे हैं। इस बीच कहा यह भी जा रहा है कि आदित्य धर एक बार फिर रणवीर सिंह के साथ हाथ मिला सकते हैं। हालांकि, इससे पहले निर्देशक ब्रेक ले सकते हैं।**

### आदित्य के पिटारे में क्या है खास

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है। वर्ल्डवाइड यह 1500 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। इस बीच आदित्य धर के बारे में कहा जा रहा है कि वे अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए तीन संभावित फिल्मों पर विचार कर रहे हैं। वैरायटी इंडिया के अनुसार, इन फिल्मों में उनका एक पैशन प्रोजेक्ट 'द इमॉर्टल अश्वत्थामा' शामिल है, जिसे पहले रोक दिया गया था। इसके अलावा चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल पर आधारित एक बड़े पैमाने की ऐतिहासिक फिल्म और एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म शामिल है।

### 'धुरंधर 2' के बाद लेंगे ब्रेक

कहा जा रहा है कि डायरेक्टर के पास कई प्रोजेक्ट्स के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वे एक ब्रेक के बाद ही अगले प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ेंगे। डायरेक्टर ने पिछले तीन साल रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर' फ्रैंचाइजी पर काम करते हुए बिताए हैं। इसलिए, अब वे कुछ समय का ब्रेक लेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बात पक्की है कि आदित्य धर की अगली फिल्म और बड़े कैनवास पर बनने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य धर एक बार फिर रणवीर के साथ काम करने के इच्छुक हैं। इस बार वे मौर्य साम्राज्य के संस्थापक पर आधारित एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म पर काम करेंगे। आदित्य धर पिछले साल से ही रणवीर के साथ बातचीत कर रहे हैं। 'धुरंधर' के साथ उनके सफल कोलेबोरेशन ने इस संभावित नए प्रोजेक्ट के लिए उम्मीदें और बढ़ा दी हैं।



## क्यों रुका 'द इमॉर्टल अश्वत्थामा' पर काम

बात करें 'द इमॉर्टल अश्वत्थामा' की तो यह आदित्य धर के उन पैशन प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसे कथित तौर पर बजट संबंधी दिक्कतों के चलते कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। हालांकि, 'धुरंधर' से अच्छी-खासी कमाई के बाद इस फिल्म पर फिर से काम शुरू होने की संभावना बन गई है। लेकिन, अगर इसे हरी झंडी नहीं मिलती है, तो कहा जा रहा है कि यह ऐतिहासिक ड्रामा ही आदित्य धर का अगला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा, ऐसी भी चर्चा है कि आदित्य धर एक स्पोर्ट्स ड्रामा पर भी काम कर रहे हैं।

17 वर्षीय दृष्टिबाधित भारतीय तैराक ने

# रचा इतिहास

- 11 घंटे 15 मिनट में तय की 38 किलोमीटर की यात्रा

नागपुर (एजेंसी)। कहते हैं कि दृढ़ संकल्प एक ऐसी शांत शक्ति है जो बाधाओं को मील के पत्थरों में बदल देती है और असंभव को संभव बना देती है. नागपुर की 17 वर्षीय दृष्टिबाधित तैराक ईश्वरी पांडे ने पाक स्ट्रैट को तैरकर सफलतापूर्वक पार करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. वह दुनिया की पहली ऐसी दृष्टिबाधित तैराक बन गई हैं जिन्होंने यह कारनामा कर दिखाया है।

### 11 घंटे 15 मिनट तक तैरना



जन्म से ही दृष्टिबाधित ईश्वरी ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से अपनी तैराकी शुरू की और भारत के धनुषकोडी (तमिलनाडु) तक की 38 किलोमीटर की यात्रा 11 घंटे 15 मिनट में पूरी की. उन्होंने 6 अप्रैल को सुबह करीब 4:00 बजे उरमालाई पॉइंट के पास पानी में प्रवेश किया और 7 अप्रैल की दोपहर 3:15 बजे धनुषकोडी स्थित अरिचलमुनाई पहुंचीं।

**कई प्रकार की चुनौतियों का किया सामना-** इस अभियान को पूरा करने के लिए उन्हें समुद्र की तेज धाराओं, बदलते ज्वार-भाटा, भारी बारिश और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा. उन्होंने जेलीफिश और शार्क जैसे खतरनाक समुद्री जीवों के बीच से भी रास्ता बनाया, जो इस उपलब्धि को और भी अधिक उल्लेखनीय बनाता है।

### प्रकृति ने भी उनकी खूब परीक्षा ली

ईश्वरी के कोच संजय बटवे ने अपनी शिष्या द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड पर प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि ईश्वरी का यह कारनामा सचमुच तारीफ के काबिल है. इस मिशन के दौरान उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा. प्रकृति ने भी उनकी खूब परीक्षा ली. बारिश, हवा और तेज लहरों की वजह से उन्हें काफी तकलीफ उठानी पड़ी. इसी वजह से, इस कार्यक्रम की शुरुआत चार घंटे देर से हुई. आखिरकार, श्रीलंकाई सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद, ईश्वरी सुबह 4 बजे तलाईमन्नार जेटी से समुद्र में कूद गईं।

कई लोगों का सहयोग और ईश्वरी की महानता

नागपुर के अनुभवी तैराकों की एक टीम ईश्वरी के साथ 'पेस स्विमर' (गति बनाए रखने वाले तैराक) के तौर पर मौजूद थी, जिसमें ईशान पांडे, रविंद्र तरारे, भावी राजगिरे, संदीप वैद्य, शंकर अष्टनकर, विलास फाले और डॉ. नीरव पांड्या शामिल थे. सहायता टीम में चिकित्सा दल के सदस्य के रूप में डॉ. अभय राजगिरे भी शामिल थे. राष्ट्रीय कोच विजयकुमार इस दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद थे. तमिलनाडु जिला तैराकी संघ के जयकुमार और अंतरराष्ट्रीय ओपन-वॉटर तैराक सुखदेव धुर्वे भी इस अभियान के दौरान उपस्थित थे।

जन्म से ही दोनों आँखों से दृष्टिहीन ईश्वरी ने, ओपन वॉटर तैराकी प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी क्षमता साबित की है. ईश्वरी की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प और लगन का एक बेहतरीन उदाहरण है।



# 2026 में सबसे लंबे छक्के मारने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 14वां मैच आज दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला जाना है. हर मैच में छक्कों की बरसात होती है. पिछले ही मैच में कुल 15 छक्के लगे थे. जिसमें मुंबई और राजस्थान आमने सामने थे. इससे पहले आरसीबी और सीएसके के मैच में कुल 30 छक्के लगे थे. इस मैच में कुल 14 अलग-अलग बल्लेबाजों ने कम से कम एक-एक छक्का लगाया।

जिसके बाद फैंस के मन में अब ये सवाल उठ रहे हैं कि अब खेले गए मैच में सबसे लंबा छक्का किस बल्लेबाज ने लगाया है? इसलिये इस प्रश्न का जवाब देने के लिए हम इस कॉपी में उन पांच बल्लेबाज के बारे में बताने वाले हैं, जो अब तक सबसे लंबे छक्के लगाने वालों की सूची में शामिल हैं।

### लिस्ट में आरसीबी का जलवा जारी

**आईपीएल 2026 का सबसे लंबा छक्का-** आईपीएल 2026 में खेले गए अब तक के मैचों में सबसे लंबा छक्का मारने का नाम आरसीबी के टिम डेविड के नाम है. उन्होंने चेन्नई के खिलाफ 5 मार्च को 106 मीटर लंबा छक्का जड़ा था, जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर चला गया था. उसके बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली हैं. उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 103 मीटर का गगनचुंबी छक्का जड़ा था. तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के अनिकेत वर्मा हैं. उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 100 मीटर का सिक्स जड़ा था. लिस्ट में चौथे और पांचवें नंबर पर आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार हैं. जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 94 और 92 मीटर का छक्का जड़ा था। बता दें कि आईपीएल 2026 के पॉइंट्स टेबल में अभी राजस्थान रॉयल्स 3 मैच में से तीन जीत के साथ टॉप पर है. पंजाब तीन मैच में दो जीत और एक मैच रद्द होने से 5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है. जबकि आरसीबी दो मैच में दो जीत के साथ 4 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है. वहीं ऑरेंज कैप यशस्वी जायसवाल के नाम है।

**टॉप-5 बल्लेबाज**

1- टिम डेविड (आरसीबी) 106 मीटर
2- कूपर कोनली (पीबीकेएस) 103 मीटर
3- अनिकेत वर्मा (एसआरएच) 100 मीटर
4- रजत पाटीदार (आरसीबी) 94 मीटर
5- रजत पाटीदार (आरसीबी) 92 मीटर

सीएम धामी ने किया 25वीं एआईपीडब्ल्यूएससी प्रतियोगिता का वर्चुअली शुभारंभ

# 440 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

### 19 टीमों ले रही हिस्सा

### राज्य को पहली बार मिली मेजबानी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में पहली बार 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप का शंखनाद हो गया। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट में आयोजित इस प्रतियोगिता का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम ने देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए पुलिस व अर्धसैनिक बलों के खिलाड़ियों और अधिकारियों का देवभूमि में स्वागत किया।

राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन से साबित हुआ, हम तैयार हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अब खेल संस्कृति मजबूत हो रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि उत्तराखंड ने हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया है। इससे स्पष्ट है कि देवभूमि अब 'खेलभूमि' के रूप में भी तेजी से उभर रही है। राज्य में आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है ताकि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकें।



**19 टीमों के 440 से ज्यादा खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**

चैंपियनशिप में देशभर की 19 टीमों के 440 से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये खिलाड़ी कैनोइंग, रोइंग और कयाकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। सीएम धामी ने अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का आभार जताते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए बेहद गर्व का विषय है कि राज्य को पहली बार इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिली है। ऐसे आयोजनों से राज्य को साहसिक खेलों (एडवेंचर स्पोर्ट्स) और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

उद्घाटन के इस खास अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष (टिहरी) इशिता सजवान, नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, विशेष प्रमुख सचिव (खेल) अमित सिन्हा, एडीजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल, आईजी (नॉर्दन फ्रंटियर आईटीबीपी) मनु महाराज, आईजी (सीआरपीएफ) दिनेश उनियाल, आईजी (आईटीबीपी एकेडमी) गिरीश चंद्र उपाध्याय, जिलाधिकारी नीतिका खण्डेलवाल और एसएसपी श्वेता चौबे समेत कई अधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।0

### आपदा प्रबंधन और रेस्क्यू में मददगार हैं वाटर स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और जनता का विश्वास बनाए रखने में हमारे जवानों की अहम भूमिका होती है, इसलिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी है। खेल न केवल फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और मुश्किल हालात में काम करने की क्षमता भी विकसित करते हैं। सीएम ने एक अहम बात यह भी कही कि वाटर स्पोर्ट्स जैसे खेल आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत, नदी बचाव और तटीय सुरक्षा में काफी उपयोगी साबित होते हैं। इन खेलों की दक्षता आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक बनती है।

# हार पर हार्दिक ने कहा हम गेंदबाजों के कारण हारे

### वैभव के खेल में निडरता दिखती है

गुवाहाटी (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने राजस्थान रॉयल्स से मिली 27 रनों की हार की जिम्मेदारी गेंदबाजों पर डाल दी. मैच के बाद उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स के ओपनर्स को खुलकर खेलने का मौका दिया, जिसकी बदौलत राजस्थान ने गुवाहाटी में बारिश से प्रभावित 11-11 ओवर के मैच में 150/3 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. जवाब में मुंबई की टीम 11 ओवर में 123/9 रन ही बना सकी।

### 'मैं बल्लेबाजी पर दोष नहीं डालूंगा'



मैच के बाद की प्रस्तुति में पांड्या ने कहा, 'हमने वैसी गेंदें नहीं डालीं जैसी हमें डालनी चाहिए थीं. उन्होंने (राजस्थान) बहुत अच्छा खेला. गेंदबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी. एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर, हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं बल्लेबाजी पर दोष नहीं डालूंगा. निश्चित रूप से यह गेंदबाजी यूनिट की गलती थी, जिसे जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी. बात हमेशा अच्छी गेंदें डालने की होती है. अगर हमने सही गेंदें डाली होती, तो हम मैच में बने रहते. उनके ओपनर्स ने हमें हमारे खेल से भटका दिया और हम बस उनके पीछे-पीछे भागते रह गए और मैच में पिछड़ गए।' राजस्थान रॉयल्स के टीनएज बैटिंग सेंसेशन, वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछे जाने पर पांड्या ने कहा, '17 या 16 साल के लड़के (वैभव) को इस तरह खेलते देखना काफी दिलचस्प है. जिस तरह से वह बैटिंग करता है, उसमें जो निडरता है, उसे देखना कमाल का है. मैं उसके भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं देता हूं।'

हार्दिक पांड्या द्वारा पहले फील्डिंग चुनने के बाद, मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी यूनिट परिस्थितियों का फायदा उठाने में नाकाम रही. जिसका नतीजा ये निकला कि राजस्थान के यशस्वी जायसवाल (32 गेंदों पर 77 रन नाबाद) और वैभव सूर्यवंशी (14 गेंदों पर 39 रन) ने छक्कों की बारिश कर दी और 3.2 ओवर के पावर-प्ले में ही 56 रन ठोक डाले।

राजस्थान ने मुंबई को बुरी तरह हराया

# वैभव सूर्यवंशी परीक्षा में पास



गुवाहटी (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियन को 27 रनों से हराकर सीजन में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. बारिश से बाधित मैच को 11-11 ओवर का खेला गया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने वैभव के 14 गेंद में 39 और जायसवाल के 32 गेंद में 77 रनों की बदौलत 3 विकेट खोकर 150 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. जवाब में मुंबई की टीम को वैसी शुरुआत नहीं मिली, जैसी राजस्थान को वैभव और जयसवाल ने दी, जिसकी वजह से वो 11 ओवर में 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सके और 27 रनों से मैच हार गए।

**राजस्थान की शानदार गेंदबाजी-** राजस्थान की शानदार गेंदबाजी के सामने मुंबई का टॉप ऑर्डर पुरी तरह से फ्लॉप रहा। रोहित 5, रिकल्टन 8, सूर्या 6, हार्दिक 9 और तिलक 14 रन ही बना सके। इसके अलावा नमन धीर और इम्पैक्ट प्लेयर रेदरफोर्ड ने 25-25 रनों की कुछ अच्छी पारी खेली. जिससे मुंबई 100 के पार पहुंच सका और हार के अंतर को कुछ कम किया. राजस्थान की तरफ से बर्गर, बिश्नोई और संदीप को 2-2 विकेट मिले, जबकि तुषार और आर्चर को एक-एक विकेट मिला।

### वैभव और जायसवाल मुंबई के गेंदबाजों जमकर धुना

इससे पहले वैभव और जयसावाल ने शानदार शुरुआत करके राजस्थान के लिए बड़े स्कोर की नीव रखी. वैभव सूर्यवंशी ने 14 गेंद में 39 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 5 छक्के शामिल थे. खास बात ये है कि उन्होंने दो छक्के जसप्रीत बुमराह को और एक छक्का ट्रेंट बोल्ट को भी लगाया. वहीं जायसवाल 32 गेंद में 77 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और 4 छक्के लगाए. इस पारी की वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया।

### राजस्थान ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी की

राजस्थान रॉयल्स ने अपनी ही सबसे तेज टीम फिफ्टी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे किए। इससे पहले भी राजस्थान ने 2023 में 2.4 ओवर में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। सबसे तेज टीम फिफ्टी का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम है, जिन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ 2.3 ओवर में 50 रन बनाए थे।

### 19 या उससे कम उम्र में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर

वैभव सूर्यवंशी 19 साल या उससे कम उम्र में ढ्ढक्रमें सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 10 पारियों में 35 सिक्स लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने ऋषभ पंत (30) और ईशान किशन (30) को पीछे छोड़ा।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में बड़ा बदलाव

# तमीम इकबाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी



ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला है। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर तमीम इकबाल को एड-हॉक कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने अमिनुल इस्लाम के नेतृत्व वाले बोर्ड को भंग करने के बाद यह फैसला लिया।

- **चुनाव में गड़बड़ी के आरोप के बाद कार्रवाई-** यह फैसला पिछले साल हुए बीसीबी चुनाव में अनियमितताओं के आरोपों के बाद लिया गया। खेल मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी, कदाचार और सत्ता के दुरुपयोग के संकेत पाए। रिपोर्ट सामने आने के बाद एनएससी ने तत्काल प्रभाव से बोर्ड को भंग कर नई अंतरिम कमेटी का गठन कर दिया।
- **जांच रिपोर्ट आईसीसी को भी सौंपी गई-** खेल परिषद के अधिकारियों ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि जांच रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी भेज दी गई है। इसके साथ ही 11 सदस्यीय नई अंतरिम समिति की जानकारी भी साझा की गई है। स्पोर्ट्स डायरेक्टर अमिनुल एहसान ने पुष्टि की कि चुनाव प्रक्रिया में कई खामियां पाई गईं, जिसके चलते यह बड़ा फैसला लेना पड़ा।
- **चुनाव से पहले ही उठे थे सवाल-** चुनाव से पहले ही तमीम इकबाल और ढाका के कई क्लब प्रतिनिधियों ने प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि चुनाव में बाहरी हस्तक्षेप हो रहा है। तमीम ने यह भी कहा था कि नामांकन की तारीख दो बार बढ़ाई गई, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए। इसी वजह से उन्होंने 1 अक्टूबर को चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया था।
- **नई कमेटी में बड़े नाम शामिल-** 37 वर्षीय तमीम इकबाल इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा व्यक्ति बन गए हैं। उनके साथ पूर्व कप्तान मिनहाजुल आबेदीन और पूर्व क्रिकेटर-टिप्पणीकार अतहर अली खान भी इस अंतरिम कमेटी का हिस्सा हैं। इसके अलावा प्रशासनिक और कॉर्पोरेट क्षेत्र से जुड़े कई अन्य सदस्यों को भी इस टीम में शामिल किया गया है।
- **बीसीबी में लगातार बढ़ रहा था संकट-** बीते कुछ महीनों से बीसीबी में अस्थिरता का माहौल बना हुआ था। अमिनुल इस्लाम ने दबाव के बावजूद पद छोड़ने से इनकार किया था।

### ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर शराब पीकर गाड़ी चलाने पर गिरफ्तार

**मिली जमानत, 7 मई को अगली सुनवाई**



सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर को सिडनी में गिरफ्तार कर लिया गया. उनपर रविवार (5 अप्रैल) को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप लगा था. वॉर्नर इस समय पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें सीजन में कराची किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं. वो कुछ दिनों का ब्रेक लेकर अपने देश लौटे थे। स्थानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने पुष्टि की है कि 5 अप्रैल को रात लगभग 11:20 बजे वॉर्नर को रैंडम ब्रेथ टेस्ट (सांस की जांच) के लिए रोका गया था. रिपोर्ट के मुताबिक, वॉर्नर का टेस्ट पॉजिटिव पाया गया, जिसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया. जहां पर भी उनका टेस्ट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 4000 टन 'स्वदेशी फौलाद' से तैयार हुआ आईएनएस तारागिरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्पात मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस तारागिरी को भारतीय नौसेना में शामिल किए



जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस युद्धपोत को 03 अप्रैल, 2026 को नौसेना में शामिल किया गया। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है, जिसमें सेल द्वारा आपूर्ति किए गए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेटों की पूरी जरूरत का उपयोग किया गया है। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है, जो कंपनी की उन्नत धातुकर्म क्षमताओं और निरंतर गुणवत्ता मानकों को प्रदर्शित करता है। प्रमुख रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है और सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' मिशन को लगातार मजबूती प्रदान कर रहा है। कंपनी ने इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण नौसैनिक प्लेटफार्मों के लिए स्पेशल स्टील की आपूर्ति की है।

**जेल काट चुके दोषी की रिहाई के आदेश**

### दिल्ली एचसी ने सजा माफी की अर्जी बार-बार खारिज करने को बताया 'मनमाना'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी को समय से पहले रिहा करने का निर्देश देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) द्वारा बार-बार सिर्फ अपराध की जघन्यता के आधार पर सजा




माफी की अर्जी खारिज करना मनमाना होने के साथ ही सुधारात्मक न्याय के तय सिद्धांतों के खिलाफ है। अपीलकर्ता कैदी रजब अली ने 22 साल से ज्यादा की जेल की सजा काटी है। कैदी को राहत देते हुए न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने रजब अली की अर्जी मंजूर कर ली। रजब अली ने उसकी समय से पहले रिहाई की अर्जी खारिज करने के एसआरबी के फैसले को चुनौती दी थी। रजब अली को 2005 में दुष्कर्म के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2016 में एसआरबी ने मुख्य प्रोबेशन अधिकारी की सिफारिश के बावजूद अपराध की प्रकृति, गंभीरता और पीड़ित के परिवार को होने वाले संभावित खतरे के आधार पर रजब अली की अर्जी खारिज कर दी थी। 2016 से 2024 तक एसआरबी ने दसवीं बार उसकी अर्जी अपराध की जघन्यता और गंभीरता और विकृति को देखते हुए खारिज कर दी थी। रजब अली ने बताया कि उसे तीन बार पैरोल पर और कोरोना महामारी के एक बार आपात पैरोल पर रिहा किया गया था और उसके बाद 2021 में फिर से पैरोल मिली थी। उसे 22 बार फर्लो (अस्थायी छुट्टी) भी दी गई थी। पीठ ने कहा कि सजा माफी की अर्जी बार-बार एक ही आधार पर खारिज की गई। अदालत ने कहा कि सजा माफी के लिए रजब अली के मामले पर विचार करते समय अपराध की गंभीरता या जघन्यता की तुलना उसके सुधार और समाज में फिर से घुलने-मिलने की उसकी तत्परता से की जानी चाहिए। अदालत ने पाया कि रजब अली का जेल के अंदर का बर्ताव और उसका कुल मिलाकर आचरण संतोषजनक पाया गया था।

# बिहार मॉडल पर काम; बंगाल में 15 दिनों तक रहेंगे अमित शाह?

**देर रात तक बैठकें**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज होने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह ने पिछले सप्ताह भवानीपुर में एक बड़ी चुनावी रैली के दौरान घोषणा की कि वे आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान लगातार 15 दिनों तक बंगाल में ही प्रवास करेंगे। वहीं, शुभेंदु अधिकारी की नामांकन रैली के दौरान शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि भाजपा इस बार 294 सीटों वाली विधानसभा में 175 से अधिक सीटें जीतकर एक ऐतिहासिक बदलाव लाएगी।

अमित शाह का यह ऐलान भवानीपुर की धरती से आया, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अपना निर्वाचन क्षेत्र है। भाजपा ने यहां ममता बनर्जी के कट्टर प्रतिद्वंद्वी शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। शाह ने इस मुकाबले को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, 'अगर भवानीपुर की जनता भाजपा को यहां जीत दिलाती है, तो बंगाल में सत्ता परिवर्तन अपने आप हो जाएगा। यह ममता दीदी की विदाई का सबसे छोटा रास्ता (शॉर्टकट) होगा। गौरतलब है कि शुभेंदु अधिकारी ने पिछले चुनाव में नंदीग्राम से ममता बनर्जी को पराजित किया था। इस बार भाजपा ने उन्हें नंदीग्राम और भवानीपुर, दोनों ही हाई-प्रोफाइल सीटों से



मैदान में उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।

सूत्रों के अनुसार, अमित शाह का यह 15 दिवसीय प्रवास केवल रैलियों तक सीमित नहीं रहेगा। वे माइक्रो-मैनेजमेंट के तहत राज्य के अलग-अलग हिस्सों में रातें बिताएंगे और वॉर रूम से चुनावी कमान संभालेंगे। अमित शाह सिलीगुड़ी और बालुरघाट जैसे क्षेत्रों में रुकेंगे, जहां 2019 के बाद से भाजपा का प्रदर्शन मजबूत रहा है। वे हुगली, खड़गपुर और दुर्गापुर जैसे इलाकों में भी डेरा डालेंगे। यहां मुख्य ध्यान उन 40 सीटों पर होगा जहां 2021 के चुनाव में भाजपा 5% से भी कम अंतर से हार गई थी। शाह की रणनीति का मुख्य हिस्सा रात 2 बजे तक चलने वाली संगठनात्मक बैठकें होंगी। उपजे असंतोष को दूर करेंगे। अमित शाह की यह कार्यशैली नई नहीं है। इससे पहले उन्होंने मध्य प्रदेश (2023), महाराष्ट्र (2024) और बिहार (2025) के विधानसभा चुनावों में भी इसी तरह का गहन प्रवास किया था। बिहार में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन और पहली बार अपना मुख्यमंत्री बनाने की सफलता के पीछे शाह की क्लस्टर रणनीति को ही श्रेय दिया जाता है।

# पहली बार मोबाइल लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीजेआई सूर्यकांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, आमतौर पर अदालतों में मोबाइल फोन ले जाना अच्छा नहीं माना जाता है। इसको लेकर नियम भी बने हुए हैं। हालांकि, बीते सोमवार को देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत अपना मोबाइल लेकर सुप्रीम कोर्ट स्थित अपने कोर्ट रूम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा किया है। इसके पीछे कारण का खुलासा करते हुए सीजेआई ने कहा कि उन्होंने एसआईआर को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का संदेश देखना था, इसलिए मोबाइल फोन लेकर कोर्ट रूम आना पड़ा।

कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल के मैसेज को पढ़ते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने मुस्कुराते हुए कहा, 'दरअसल, मुझे अभी याद आया कि यह पहली बार है जब मैं अदालत में मोबाइल फोन लाया हूं। मैंने अपने जीवन में पहले कभी ऐसा नहीं किया।' इतना सुनते ही वहां मौजूद वकील भी मुस्कुरा दिए।

बंगाल एसआईआर पर क्या बोला सुप्रीम कोर्ट?

आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से बाहर किये गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का आज ही निस्तारण किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि



राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि ''हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए पश्चिम बंगाल से केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा।''

कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों को मिली कथित धमकियों और उनके कामकाज में बाधा डाले जाने पर चिंता व्यक्त की तथा कहा कि यदि सरकारी तंत्र सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है, तो वह उपयुक्त उपायों पर विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा, ''यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है।''

प्रधान न्यायाधीश ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा। पीठ ने कहा कि इस बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिन्होंने एक अपीलीय अधिकरण की अध्यक्षता करने के लिए सहमति दी है।

### नहीं रहीं मोहसिना किदवई: लंबे और बेदाग राजनीतिक योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। उनके परिवार और दामाद रजी उर रहमान किदवई ने उनके निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहसिना किदवई ने बुधवार तड़के नोएडा के मेट्रो अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन से भारतीय राजनीतिक गलियारे, विशेषकर कांग्रेस पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई है।



एक प्रभावशाली राजनीतिक सफर

मोहसिना किदवई भारतीय राजनीति और कांग्रेस पार्टी का एक बेहद सम्मानित और प्रमुख चेहरा रही हैं। उनका एक लंबा और शानदार राजनीतिक करियर रहा है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले की रहने वाली मोहसिना किदवई ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। वे उत्तर प्रदेश के मेरठ निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोकसभा के लिए चुनी गईं और सातवीं तथा आठवीं लोकसभा में भी इस सीट पर बनी रहीं। यानी ने तीन बार मेरठ से सांसद रहीं। इसके अलावा, उन्होंने 2004 से 2016 के बीच छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य के रूप में भी कार्य किया। अपने राजनीतिक जीवन में वे अलग-अलग समय पर संसद के निचले सदन (लोकसभा) और उच्च सदन (राज्यसभा) दोनों की सदस्य रहीं और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया। सरकार के साथ-साथ पार्टी के भीतर भी उनका कद काफी बड़ा था। उन्होंने कांग्रेस की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था 'कांग्रेस कार्य समिति' और प्रत्याशियों का चयन करने वाली पार्टी की 'केंद्रीय चुनाव समिति' के सदस्य के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी थीं। मोहसिना किदवई को कांग्रेस आलाकमान और विशेषकर गांधी परिवार के बेहद करीब और भरोसेमंद नेताओं में गिना जाता था।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेषज्ञों की चेतावनी: कैंसर से निपटने के लिए भारत को चाहिए अपनी 'एविडेंस-बेस्ड' गाइडलाइंस

*नई दिल्ली, एजेंसी। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि भारत को कैंसर के इलाज और जांच के लिए अपनी साक्ष्य-आधारित (एविडेंस बेस्ड) गाइडलाइंस विकसित करनी होंगी, ताकि देश की जरूरतों और जनसंख्या के अनुसार बेहतर रणनीति तैयार की जा सके। यह बात विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित कैंसर जांच शिविर में दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआइ) के विशेषज्ञों ने कही। कहा गया कि केवल इलाज ही नहीं, बल्कि कैंसर की समय पर पहचान के लिए भी भारत को अपने स्क्रीनिंग प्रोटोकाल तैयार करने की आवश्यकता है। इससे बीमारी को आरंभिक चरण में ही पहचान कर मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इसी पहल के तहत विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआइ) ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में कैंसर जागरूकता, रोकथाम एवं स्क्रीनिंग (कैप्स) का पांचवां शिविर आयोजित किया। स्तन और सर्वाइकल कैंसर की निशुल्क जांच की गई। साथ ही 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर मैमोग्राफी जांच भी उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा एचपीवी-डीएनए स्व-परीक्षण किट, विशेषज्ञ परामर्श, जागरूकता सत्र और स्तन स्व-परीक्षण का प्रशिक्षण भी दिया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम साथ मिलकर स्वास्थ्य के लिए विज्ञान के साथ खड़े हों हमें यह समझने का अवसर देती है कि भारत को अपने साक्ष्य-आधारित कैंसर उपचार और स्क्रीनिंग दिशानिर्देश विकसित करने होंगे।*

# पाक की मध्यस्थता पर सवाल क्यों? 'ईरानी शासन पर भी भरोसा नहीं'; दो हफ्ते के सीजफायर पर विशेषज्ञ क्या बोले

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम और स्थायी शांति की उम्मीदों के बीच, पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने का श्रेय लेने की कोशिश की है। हालांकि, फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज के कार्यकारी निदेशक और पूर्व अमेरिकी ट्रेजरी आतंकवाद-निरोध विश्लेषक, जोनाथन शनजर ने पाकिस्तान की इस भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। शनजर का मानना है कि पाकिस्तान पर चीन का भारी कर्ज है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने गठबंधन को व्यापक बना रहा है, या वह चीन के हितों को साध रहा है।

जोनाथन शनजर ने कहा 'जब हम पाकिस्तान को देखते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि यह एक ऐसा देश है जो चीन का बहुत ऋणी है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और ऋण जाल कूटनीति के माध्यम से, चीन ने पाकिस्तानियों को अपनी पकड़ में ले लिया है। सवाल यह है: क्या पाकिस्तानी संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करके नए दोस्त बनाने और अपने गठबंधन को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, या वे चीन के इशारों पर काम कर रहे हैं? क्या वे अनिवार्य रूप से



चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए एक मुखपत्र हैं? इस समय, हमें इसका उत्तर नहीं पता है।' जब शनजर से पूछा गया कि क्या अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को हाल ही में अमेरिका-ईरान मध्यस्थता प्रक्रिया में देर से शामिल किया गया था और क्या शायद चीन ने ईरान को बातचीत की मेज पर लाने में मदद की, तो उन्होंने कहा कि जेडी वेंस विदेशी हस्तक्षेप को लेकर नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। शनजर के अनुसार 'हम उन्हें नव-अलगाववादियों के रूप में वर्गीकृत करते हैं - ऐसे लोग जो दुनिया भर की ताकतों को आकार देने के लिए अमेरिकी बल के उपयोग के बारे में गहराई से संशय में हैं। लेकिन मुझे लगता है कि चीन का सवाल वास्तव में सबसे दिलचस्प है।'

**ईरानी शासन पर भरोसा नहीं:** जोनाथन शनजर ने यह भी चेतावनी दी कि भले ही युद्धविराम बना रहे और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहे, युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा हर किसी को यह समझने की जरूरत है कि यह युद्ध खत्म नहीं हुआ है। भले ही वे कुछ समय के लिए जलडमरूमध्य को खुला रखने और एक-दूसरे पर बमबारी बंद करने पर सहमत हों, फिर भी शासन को भीतर से गिराने का एक गुप्त प्रयास जारी रहेगा। ईरान के लोगों ने अभी तक अपनी बात नहीं रखी है।

**● यूजर्स कर रहे मजेदार कमेंट**

# ईरान में जंग थमने के बाद पीएम शहबाज हो रहे ट्रोल, पाक पर यूएस का कितना दबाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की एक सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा का विषय बन गई है। इस पोस्ट ने न सिर्फ उनकी कूटनीतिक भूमिका पर सवाल खड़े किए, बल्कि सोशल मीडिया पर उन्हें आलोचना और व्यंग्य का सामना भी करना पड़ा। ट्रंप से ईरान के खिलाफ संभावित कार्रवाई की समयसीमा बढ़ाने की अपील की थी। उन्होंने लिखा था कि कूटनीति को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए समय सीमा को दो सप्ताह तक बढ़ाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का भी आग्रह किया था, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिहाज से बेहद अहम है।

एडिट हिस्ट्री ने खोली पोल

हालांकि, यह मामला तब और गंभीर हो गया जब यूजर्स ने पोस्ट की एडिट हिस्ट्री पर ध्यान दिया। सामने आए स्क्रीनशॉट्स में



दिखा कि पोस्ट के शुरुआती वर्जन में जैसा टेक्स्ट मौजूद था। इससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि यह संदेश पहले से तैयार ड्राफ्ट था और संभवतः सीधे पोस्ट करने से पहले उसे पूरी तरह संपादित नहीं किया गया। पोस्ट में अमेरिका के कई प्रमुख नेताओं को टैग भी किया गया था, जिनमें डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, मध्य पूर्व के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो शामिल थे। इस वजह से विवाद और गहरा गया और लोगों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि क्या यह संदेश पाकिस्तान की अपनी कूटनीतिक पहल का हिस्सा था या कहीं बाहर से तैयार किया गया था। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने यह भी दावा किया कि किसी देश के प्रधानमंत्री की टीम ड्राफ्ट में अपने देश का नाम इस तरह नहीं लिखती, जिससे शक और बढ़ गया।

# मोजतबा ने फायरिंग रोकने का आदेश दिया; इस्राइल बोला- सीजफायर में हिजबुल्ला नहीं शामिल

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि संघर्षविराम का मतलब युद्ध का अंत नहीं है और अगर शत्रु किसी भी तरह की कार्रवाई करता है तो उसके हाथ हमेशा हथियार पर रहेंगे। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ दो सप्ताह के संघर्षविराम पर सहमति के बाद अपनी सभी सैन्य इकाइयों को गोलीबारी रोकने का निर्देश दिया। लेकिन साथ ही तेहरान ने यह भी स्पष्ट किया कि यह युद्ध का अंत नहीं है। राज्य संचालित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग पर पढ़े गए एक बयान में खामेनेई ने कहा यह युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन सभी सैन्य शाखाओं को सर्वोच्च नेता के आदेश का पालन करते हुए अपनी फायरिंग रोकनी चाहिए।

**'बड़े पैसों की कमाई होगी': संघर्षविराम के बाद बोले ट्रंप:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर संदेश साझा करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्षविराम समझौते को एक विश्व शांति के लिए बड़ा दिन करार दिया और कहा कि अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में यातायात व्यवस्था में मदद करेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा यह क्षण पश्चिम एशिया के लिए एक नए गोल्डन एज की शुरुआत का संकेत हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा 'यहां कई सकारात्मक गतिविधियां होंगी। बड़े पैसों की कमाई होगी। ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है। हम हर प्रकार की सामग्री की आपूर्ति करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए मौके पर रहेंगे कि सब कुछ सुचारू रूप से चले। मुझे भरोसा है कि ऐसा होगा।'

**इस्राइल: अमेरिका-ईरान सीजफायर पर समर्थन, लेकिन इसमें हिजबुल्ला नहीं शामिल:** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच हुए दो-हफ्ते के युद्धविराम समझौते का समर्थन करता है,



लेकिन यह समझौता लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ जारी लड़ाई को कवर नहीं करता है। इस बात की जानकारी विश्व मीडिया एजेंसियों के रिपोर्ट में मिली है।

नेतन्याहू कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस्राइल अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ युद्धविराम को आगे बढ़ाने का पक्ष लेता है, लेकिन लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाने वाली सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी और वह इस समझौते का हिस्सा नहीं है। इस कदम से स्पष्ट संदेश गया है कि सीजफायर का दायरा सिर्फ अमेरिका-ईरान संघर्ष तक सीमित है और अन्य मोर्चों पर हमला जारी रहेगा।

### अमेरिका पर साइबर हमले का भी दावा

ईरान से जुड़े साइबर समूहों की ओर से अमेरिका पर बड़े साइबर हमले का दावा भी सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने इंडस्ट्रियल सिस्टम्स में इस्तेमाल होने वाले प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि पीएलसी सिस्टम्स किसी भी बड़े औद्योगिक सेटअप के दिमाग की तरह काम करते हैं। ये ऑटोमैटिक प्रोग्राम के जरिए मशीनों और प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। ऐसे में इन सिस्टम्स के प्रभावित होने से कई महत्वपूर्ण संचालन बाधित हो सकते हैं। युद्धविराम की घोषणा के बाद भी ईरान की राजधानी में माहौल शांत नहीं दिखा। बुधवार सुबह तेहरान की सड़कों पर सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों का गुस्सा खुलकर सामने आया। प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने अमेरिका मुर्दाबाद, इस्राइल मुर्दाबाद और समझौता करने वालों के खिलाफ जैसे तीखे नारे लगाए। हालात उस समय और ज्यादा उग्र हो गए जब प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर अमेरिकी और इस्राइली झंडे जलाए। मौके पर मौजूद आयोजकों ने भीड़ को शांत करने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी करते रहे और गुस्सा कम होता नहीं दिखा। तेहरान में युद्धविराम की खुशी : लोगों ने सड़कों पर झंडे लहराए और जश्न मनाया ईरान की राजधानी तेहरान में लोग युद्धविराम की घोषणा के बाद खुशियों में झूम उठे। वीडियो में दिखा कि लोगों ने ईरानी झंडे लहराए, जयकारे लगाए और जश्न मनाया। यह पल खास इसलिए भी महत्वपूर्ण था।

# बोकारो का नाम खराब नहीं हो, एसओपी का सख्ती से करें अनुपालन: डीसी

## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा हेतु जारी एसओपी से कराया गया सभी को अवगत





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 12 अप्रैल को प्रस्तावित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) सभागार में एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से की, जिसमें जिले के सभी परीक्षा केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**एसओपी के अनुपालन पर दिया विशेष जोर**

बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बोकारो का नाम किसी भी परिस्थिति में खराब नहीं होना चाहिए, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एसओपी का गहन अध्ययन करें, उसमें वर्णित प्रत्येक बिंदु को समझें तथा अपने-अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें।

**होटलों एवं लॉज में विशेष छापेमारी अभियान**

परीक्षा में कदाचार की संभावना को समाप्त करने हेतु उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को परीक्षा से पूर्व जिले के सभी होटलों, लॉज एवं ठहराव स्थलों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाने की बात कहीं। इस अभियान का उद्देश्य बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना एवं परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की साजिश को विफल करना है।

**दंडाधिकारी-पुलिस समन्वय से होगी सख्त निगरानी**

मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, कदाचार या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान बिना अनुमति प्राप्त कोई भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि, सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। निर्देश दिया कि संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए, परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष/वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**27 परीक्षा केंद्रों पर 12,840 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 12,840 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रवेश के समय सघन जांच (फ्रिस्किंग) की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा कक्ष में प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश पर पूर्णतः रोक रहेगी।

**प्रवेश एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश**

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर ससमय गेट खोल दिए जाएं ताकि अभ्यर्थियों की सुगम एंट्री सुनिश्चित हो सके। पहचान पत्र की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाए। महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग से महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू करने सहित आवश्यक कानूनी प्रावधानों का पालन किया जाए।

**कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की प्रशासन की प्रतिबद्धता**

बैठक के अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों को यह संदेश दिया कि परीक्षा का आयोजन पूर्णतः कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए जिले की छवि को बेहतर बनाए रखें।

## मन-कर्म एवं परिवेश को स्वच्छ रखने का सभी लें संकल्प, चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान: उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला गंगा समिति द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान के सफल संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने की, जिसमें अभियान की रूपरेखा, क्रियान्वयन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी सबों के साथ साझा की। इस अवसर पर नगर निगम चास के मेयर भोलू पासवान, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, उप मेयर चास, अध्यक्ष नगर परिषद फुसरो, उपाध्यक्ष नगर परिषद फुसरो, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

**स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी बताया**

अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मन, कर्म एवं परिवेश की स्वच्छता को अपनाकर ही एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संगठनों को समन्वित प्रयास के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

**निर्माल के लिए सुंदर एवं सुव्यवस्थित प्रकोष्ठ तैयार करें**

क्षेत्र में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्माल (पूजा सामग्री अवशेष) के लिए एक सुंदर एवं सुव्यवस्थित प्रकोष्ठ तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य निर्माल सामग्री के समुचित संग्रहण एवं प्रबंधन को सुनिश्चित करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर बीएसएल प्रशासन झ नगर निगम चास झ नगर परिषद फुसरो प्रशासन को स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए अगरबत्ती निर्माण की एक छोटी इकाई स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। इस इकाई के माध्यम से निर्माल सामग्री का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जिससे न केवल कचरे का पुनः उपयोग संभव होगा, बल्कि स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**जन आंदोलन बनाने पर दिया जोर**

उपायुक्त ने कहा कि 14 से 22 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष अभियान को जनआंदोलन का रूप देना आवश्यक है। इसके लिए आम नागरिकों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

**विभिन्न निकायों की सहभागिता सुनिश्चित**

इस अभियान में नगर निगम चास, नगर परिषद फुसरो, बीएसएल नगर प्रशासन, शिक्षा विभाग, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अन्य सामाजिक संगठन (चेंबर आफ कामर्स, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, दामोदर बचाओ आदि) मिलकर कार्य करेंगे, ताकि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जा सके।

**जल स्रोतों व शहरी क्षेत्रों में चलेगा अभियान**

अभियान के अंतर्गत गरगा नदी, दामोदर नदी एवं तेनुघाट डैम सहित विभिन्न जल स्रोतों की सफाई के साथ-साथ नगर निगम चास, नगर परिषद फुसरो तथा बीएस सिटी क्षेत्र के शहरी इलाकों एवं विभिन्न वार्डों में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

**आमजनों से श्रमदान का किया अपील**

उपायुक्त ने आमजनों से अपील की कि वे श्रमदान कर इस अभियान में सक्रिय योगदान दें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। वहीं, मेयर झ उप मेयर चास, अध्यक्ष -उपाध्यक्ष फुसरो झ विभिन्न संगठनों ने अपना - अपना सुझाव रखा।

**समापन पर वाकाथॉन व सम्मान समारोह**

अभियान के समापन अवसर पर आगामी 22 अप्रैल को एक भव्य स्वच्छता वाकाथॉन/श्रमदान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बेहतर कार्य करने वाले संगठनों, संस्थाओं एवं कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला समिति के स्वावलंबन केंद्र में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 के तहत सेक्टर-04 स्थित बोकारो महिला समिति के स्वावलंबन केंद्र में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रतिभागियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष, श्रीमती शुभम रंजन उपस्थित रहीं. इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की उपाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी एवं स्वावलंबन केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे.



कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ अग्निशमन इकाई के निरीक्षक श्री निलेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव, संभावित जोखिमों की पहचान तथा आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. साथ ही, प्रतिभागियों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग सहित विभिन्न सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन (डेमो) भी कराया गया, जिससे उन्हें आपात परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई. यह कार्यक्रम प्रतिभागियों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता सुदृढ़ करने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया.

### डीसी ने किया जिला जनसंपर्क कार्यालय का निरीक्षण

**जन-जन तक योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला जनसंपर्क कार्यालय बोकारो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित कार्यालय के अन्य कर्मियों के साथ संवाद किया गया। उपायुक्त ने कार्यालय के कार्यों की समीक्षा करते हुए पंजी एवं फाइलों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए इसकी भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निभाना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ करने का निर्देश दिया।



### झरिया चौथाई कुली में भूधसान, कई घरों में पड़ी दरार, मौके पर मेयर संजीव सिंह एवं रागिनी सिंह पहुंची

**झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के चौथाई कुली स्थित धनबाद - सिंदरी मुख्य मार्ग के समीप धर्मनगर भू धंसान से आसपास के एक दर्जन से अधिक घरों में दरार पड़ गई, दीवार और जमीन फट गई है। जिसका दायरा धीरे धीरे बढ़ रहा है। जिस दरार का दायरा बढ़ रहा है। पूरे इलाके पर खतरा मंडराने लगा है। जिस तरह से दरार बढ़ रहा है कई घर गिर रहा है घर जमींदोद हो सकता है जिससे लोगों में भय का माहौल है। लोग घरों को खाली कर रहे है। लोगों का कहना है कि यहां पहले माइंस थी। हमलोग करीब 50 साल से रह रहे है। वही अभी तक जिला प्रशासन और बीसीसीएल के कोई अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचे है। वही मौके पर झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं मेयर संजीव सिंह ने परिजनों से मिले और दरार हुऐ मकानों का जयजा लिया..



### गायब युवती को ढूंढने के बजाय पुलिस उसके परिजनों को परेशान कर रही है: बबिता देवी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के खूंटाडीह गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती पिछले 8 महीने से गायब है। इस मामले को लेकर बोकारो पुलिस की फजियत हो रही है। पहले हाईकोर्ट में एसपी को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था। उसके बाद पीड़ित के परिजनों के साथ पिंडराजोरा थाना प्रभारी के द्वारा की गई मारपीट के बाद कल डीजीपी तदाशा मिश्रा को हाईकोर्ट ने वर्चुअल उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया था। इस पर कल सुनवाई होनी है।इस मामले को लेकर गायब पुष्पा की मां रेखा देवी ने बताया 3 अप्रैल को मेरे चाचा ससुर को अनुसंधान के नाम पर थाने में बुलाकर थाना प्रभारी के द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है। इसके बाद उनका इलाज भी कराया गया है। रेखा देवी का कहना है कि थाना प्रभारी के द्वारा मेरे चरित्र पर सवाल उठाए जा रहा है जो मीडिया में रखने लायक नहीं है। मेरी बेटी को खोज निकालने के बजाय मामले को गलत दिशा में ले जाया जाने का काम किया जा रहा है। वही इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार का साथ दे रही जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी ने बताया कि पुलिस अपना काम करने के बजाय पीड़ित परिवार को परेशान कर रही है।पीड़िता की मां को फोन कर केस के अनुसंधान कर्ता नौकरी खाने तक की बात कह रहे हैं। इस प्रताड़ना की शुरूआत एसपी के हाई कोर्ट पहुंचने के बाद से किया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है।



## जनगणना 2027: ऑनलाइन प्रक्रिया में सतर्कता जरूरी, कोई चूक नहीं हो: उपायुक्त





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में बुधवार डीपीआरसी भवन सभागार में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनगणना कार्य अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**ऑनलाइन एप से होगा पूरा कार्य**

उपायुक्त ने कहा कि जैसा कि इस बार जनगणना का संपूर्ण कार्य ऑनलाइन एप के माध्यम से किया जाएगा। डेटा एंट्री करते ही जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगेगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी - लेकिन इसके साथ ही त्रुटियों से बचने के लिए अतिरिक्त सतर्कता भी जरूरी है।

**दायित्वों का सख्ती से पालन करने का निर्देश**

उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनरों एवं संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी गंभीरता से पालन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**एकाग्रता और निष्ठा से करें कार्य**

उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों से अपील किया कि वे पूरी एकाग्रता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

**प्रशिक्षण में दिए गए तकनीकी निर्देश**

प्रशिक्षण सत्र में फील्ड ट्रेनरों को मकान सूचीकरण, डेटा एंट्री प्रक्रिया, ऐप के उपयोग तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे जमीनी स्तर पर कार्य को सुचारू रूप से संचालित कर सकें। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक खलको, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## लापता युवती के परिजन की कथित पिटाई मामले में उच्च न्यायालय का सख्त रुख

**जांच में सही पाए जाने पर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसपी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के खूंटाडीह गांव से गायब 18 वर्षीय युवती के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। गुमशुदगी से जुड़े इस मामले में याचिकाकर्ता के रिश्तेदार के साथ कथित मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मंगलवार को वर्चुअल रूप से तलब किया और पूरे मामले पर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता के चाचा-श्वसुर को पिंडराजोरा थाना बुलाकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनके माथे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। फिलहाल वे रांची के एक निजी क्लीनिक में इलाजरत हैं। इस पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के सदस्य के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद चिंताजनक है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए डीजीपी से पूछा कि बोकारो के एसपी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि आखिर किस आधार पर याचिकाकर्ता के रिश्तेदार को हिरासत में लेकर मारपीट की गई।



## बीएसएल ने किया सुझाव मेला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) और कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग द्वारा 'सुझाव मेला' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों की रचनात्मकता और उनके अभिनव विचारों को प्रोत्साहित करना है, ताकि विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके. रशियन कैंटीन में आयोजित एचएसएम के कार्यक्रम में कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें महाप्रबंधक (विद्युत) सुनील कुमार, आई.ई.डी. विभाग से वरीय प्रबंधक सुश्री प्रीति प्रिया, महाप्रबंधक (विद्युत) मनोज कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) चंद्र शेखर, उप महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स) रामकृष्ण, उप महाप्रबंधक मानस रंजन देहुरी, सहायक महाप्रबंधक लव कुमार साहनी तथा वरीय प्रबंधक आशीष कुमार सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे. इस दौरान विभाग के विभिन्न अनुभागों से कुल 250 बहुमूल्य सुझाव एकत्रित और वितरित किए गए. इसी क्रम में, कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग में आयोजित सुझाव मेले का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स) भास्कर प्रसाद द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स) के. एन. झा और आई.ई.डी. विभाग से वरीय प्रबंधक सुश्री प्रीति कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. संयंत्र के कर्मियों ने इन कार्यक्रमों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और विभाग की उत्पादकता, सुरक्षा तथा परिचालन संबंधी सुधारों के लिए अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए.




## दूसरी यूनिट से बीएसएल में आए कर्मियों से हो रहा है भेदभाव : बीएकेएस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अन्य यूनिट से बीएसएल में स्थांतरित हुए कर्मचारियों के आवास आवंटन के प्रति, आवास आवंटन अनुभाग , गैर जिम्मेदार रवैया अपनाए हुए है। दूसरे यूनिट से स्थांतरित होकर बीएसएल में आए कर्मी अपने परिवारिक कारणों से एक यूनिट छोड़ दूसरे यूनिट आते हैं जो कई वर्षों के सेवा देने के बाद बीएसएल यूनिट आएं है। उनके लिए आवास आवंटन में कोई भी प्रावधान नही होने के कारण वो नए नियुक्त कर्मियों के जैसा मनचाहा आवास आवंटन के लिए भटकते रहते है। वर्तमान में कहने के लिए हजारों की संख्या में आवास उपलब्ध है, 7000 के आस पास अवैध कब्जे में भी है, कई बी टाइप, सी टाइप में कौन रह रहा है इसका रिकॉर्ड भी नहीं है, उसके बाद भी पात्र कर्मियों को मनचाहा आवास नही देना पुरी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह बता रहा है ।

## नमामि गंगा स्वच्छता अभियान को बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स का पूरा सहयोग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल नमामि गंगा स्वच्छता अभियान के संबंध में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में शामिल हुआ। यह बैठक उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बोकारो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से सभी उपस्थित संगठनों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में दिनांक 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक व्यापक सफाई अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी थानों, स्कूलों तथा सरकारी एवं निजी संस्थानों के कार्यालयों और परिसरों में विशेष रूप से स्वच्छता अभियान संचालित किया जाए। उपायुक्त ने आगे बताया कि दिनांक 22 अप्रैल को सभी संगठनों के सहयोग से नमामि गंगे महा स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान की सफलता के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सुझाव दिया कि गरगा नदी को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ-साथ नदी के दोनों किनारों पर घाटों का निर्माण कराया जाए, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान उपायुक्त बोकारो से यह मांग भी की गई कि बोकारो इस्पात नगर में पूर्व की भांति सुबह एवं शाम दोनों समय नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ की जाए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बोकारो शहरी क्षेत्र में दोनों समय जलापूर्ति की व्यवस्था प्रचलित थी। इस बैठक में चास नगर आयुक्त संजीव कुमार, चास के मेयर भोलू पासवान, उप मेयर, फुसरो की मेयर निर्मला देवी, बोकारो



## पंचायतों के विकास के लिए भेजी गई राशि में कमीशन का खेल हुआ तो होगा आंदोलन: भानु प्रताप शाही

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही का बोकारो परिसदन पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की 4342 पंचायतों के विकास के लिए 2254 करोड़ रुपये की राशि भेजी है. यह झारखंड बनने के बाद ग्रामीण विकास के लिए एकमुश्त दी गई सबसे बड़ी राशि है. इस फंड से प्रत्येक पंचायत को लगभग 52 लाख रुपये मिलेंगे, जिससे गांवों में स्कूल, अस्पताल, सड़क और पंचायत भवन जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा सकेगा. भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर कट कमीशन वाली सरकार होने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राज्य में एक ऐसा तंत्र काम कर रहा है, जिसे उन्होंने एम बी ए बताया, जिसमें मंत्री, बिचौलिया और अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने आशंका जताई कि पंचायतों के लिए भेजी गई राशि पर इस सिंडिकेट की नजर है और इससे गांवों के विकास पर असर पड़ सकता है. श्री शाही ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 33000 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो सके और उसे सरेंडर करना पड़ा. इसे उन्होंने सरकार की बड़ी विफलता बताया. आवास योजना को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार ने 8 लाख अबुआ आवास बनाने का वादा किया था, लेकिन पांच साल में एक भी आवास पूरा नहीं हुआ और न ही किसी का गृह प्रवेश कराया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि अब राज्य सरकार केंद्र की पीएम आवास योजना की सूची को अबुआ आवास में शामिल करने का दबाव बना रही है ताकि अपनी कमी छिपा सके.नल जल योजना पर उन्होंने कहा कि झारखंड देश में नीचे से दूसरे स्थान पर है और अब तक केवल 55 प्रतिशत लक्ष्य ही पूरा हो पाया है. गांवों में बनी पानी उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकताओं को इस पर नजर रखने को कहा अगर गड़बड़ी हुई तो भाजपाआंदोलन करेगी। स्वागत करने वाले जयदेव राय,संजय त्यागी कमलेश राय,माथुर मंडल,मंटू राय अशोक पप्पू,अनिल सिंह ब्रज दुबे, विक्की राय विकास महथा,बिनोद सिंह राठौड़,राजेश घोषाल,प्रीति गुप्ता अविनाश झा,विनय आनन्द,विनय किशोर पन्नालाल कांदू प्रकाश चटर्जी,विनय कुमार,एंजेला सिंह,झंटू दे,सीता कुमारी,ए के वर्मा अमित सिंह,गोलू उपाध्याय,सिदाम आचार्य,मनोज झा,मिथुन लाहा आदि शामिल थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com